राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 115
लखनऊ, गुरुवार 25 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बीएसए ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण 02

परिवहन सेवाओं के अभाव में डग्गामार वाहनों की चांदी 10


### मुख्यमंत्री योगी ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा

# यूपी में भ्रष्टाचार व माफिया राज खत्म

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन अनुपूरक बजट पर पक्ष रखते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि अब नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जहां भ्रष्टाचार और माफिया राज को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि हमने पारदर्शी तरीके से लाखों युवकों को नौकरियां दी और प्रदेश स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, बिजली, कृषि उत्पादन, राजस्व समेत हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान बना रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सदन में समाजवादी पार्टी पर कड़े प्रहार करते हुए कहा कि ब्रसपा पहले ही उत्तर प्रदेश का बहुत नुकसान कर चुकी है, लेकिन अब उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।% मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रहमने योजनाओं में होने वाली लूट को रोका। सपा के लोग इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करते हैं लेकिन सच तो यह है कि सपा सरकार का जेपीएनआईसी 175 करोड़ का प्रोजेक्ट था लेकिन 860 करोड़ खर्च हो जाने के बाद भी अधूरा है। इसी प्रकार गोमती रिवर फ्रंट 167 करोड़ का प्रोजेक्ट पर 1400 करोड़ खर्च हो गए फिर भी अधूरा है। इसी प्रकार सपा सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सिविल वर्क के लिए 15 हजार 200 करोड़ रुपये तय किए थे लेकिन हमने एक्सप्रेस वे 11 हजार 400 करोड़ रुपये में अधिक लंबा और चौड़ा बना कर दिखा दिया। हम चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ नहीं देते उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रहम हर किसी को सरकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। किसी का नाम और चेहरा देखकर सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दे रहे हैं। हम लाखों लोगों को मकान और राशन दे चुके हैं और अभी भी दे रहे हैं लेकिन किसी व्यक्ति का चेहरा देख कर मना नहीं करते हैं।



#### उत्तर प्रदेश विधान सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित

उत्तर प्रदेश विधान सभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गयी है। उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर को शीतकालीन सत्र का आरम्भ हुआ। 20 और 21 दिसंबर को अवकाश होने की वजह से सदन की कार्यवाही नहीं चली। 22, 23 और 24 दिसंबर को सदन की कार्यवाही चली। इस दौरान प्रदेश सरकार लगभग 24 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाई। वहीं, वंदे मातरम पर पांच घंटे की चर्चा हुई। इस चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने प्रमुखता से हिस्सा लिया। बुधवार को दिनभर सदन की कार्यवाही चलने के उपरांत अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गयी।

#### विपक्ष के सुझावों को गंभीरता से लेते हैं हम : योगी

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र बुधवार को भी गहमागहमी भरा रहा। अनुपूरक बजट से लेकर प्रदूषण और अरावली बचाओ मुद्दे तक विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी कोशिश की, जबकि सत्ता पक्ष ने पलटवार किया। अपना दल (एस) के नेता और यूपी के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने योगी सरकार द्वारा पेश किए गए 24,497 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट की तारीफकी। उन्होंने कहा कि यह बजट औद्योगिक विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने की स्पष्ट योजना के साथ लाया गया है, जिससे समाज का हर वर्ग लाभान्वित होगा।नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सदन में सिद्धार्थनगर का मुद्दा उठाते हुए गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिले में एक गिरोह पुलिस की मदद से सौ-सौ साल पुराने मकबरे और मदरसे तोड़ रहा है।

#### समाजवादी पार्टी के शासनकाल में हर जगह था भ्रष्टाचार

मुख्यमंत्री योगी ने सदन में कहा कि ब्रउत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के शासनकाल में हर जगह भ्रष्टाचार था। हमने सत्ता में आते ही कानून व्यवस्था में सुधार किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ। मुंबई गए तो निवेश करने के लिए व्यापारी तैयार नहीं थे लेकिन आज निवेशक प्रदेश में आने के लिए तैयार हैं। करोड़ों रुपए के निवेश हुए हैं और कई बड़े प्रस्ताव पाइपलाइन में हैं। अर्थव्यवस्था में कई गुना सुधार हुआ है। हमने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्यों की सूची से बाहर निकाला है। प्रदेश में सपा सरकार के मुकाबले हमारी सरकार में किए गए आर्थिक सुधारों के कारण ही आज यूपी देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। पारदर्शी तरीके से हो रहीं भर्तियां मुख्यमंत्री योगी ने सपा की पिछली सरकार का उल्लेख करते हुए कहा कि दसवीं, बारहवीं में थर्ड डिवीजन पास करने वाले आयोग में कर्ताधर्ता बनाए गए थे और भर्ती से पहले सूची तैयार हो जाती थी। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ जितना सपा ने किया, उतना किसी ने नहीं किया। हमने 9 लाख सरकारी नौकरियां दी हैं लेकिन कहीं भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। हमने भर्ती बोर्ड में रिटायर्ड डीजीपी को बैठाया है ताकि नकल माफियाओं की कमर तोड़ी जा सके।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी लखनऊ में आज करेंगे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में राष्ट्रवाद की त्रिवेणी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को समर्पित हैं, राष्ट्र प्रेरणा स्थल उद्घाटन के लिए पूरी तरह से तैयार है और इसका उद्घाटन 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इसी क्रम में प्रेरणा स्थल में राष्ट्र नायकों के जीवन वृत्त को दर्शाने वाले संग्रहालय के क्यूरेशन का कार्य भी पूरा हो चुका है। पांच गैलरियों और पांच कोर्टयार्ड से युक्त संग्रहालय के क्यूरेशन का निर्माण कार्य पैन इंटेल कॉम कंपनी ने किया है। भावी पीढ़ियों में राष्ट्रवाद की भावना के संचार के लिए बने म्यूजियम को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



राष्ट्र प्रेरणा स्थल में राष्ट्रवाद की त्रिवेणी कहे जाने वाले राष्ट्र नायकों को समर्पित संग्रहालय का भी निर्माण किया गया है। प्रेरणा स्थल के 98000 वर्ग फुट के क्षेत्र में एलडीए ने म्यूजियम ब्लॉक का निर्माण कराया है। इसके क्यूरेशन का कार्य पैन इंटेल कॉम कंपनी ने किया है। म्यूजियम में दो फ्लोर में पांच गैलरियां और पांच कोर्टयार्ड, वीवीआईपी ग्रीन रूम और 12 इंटरप्रिटेशन वॉल का निर्माण किया गया है। संग्रहालय की पहली गैलरी ओरियेंटेशन रूम के रूप में बनाई गई है, जिसमें वीडियो और एवी के माध्यम से राष्ट्र नायकों के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को दिखाया जाएगा। दूसरी गैलरी में भारतीय जन संघ के निर्माण और उसकी विकास यात्रा को दर्शाया गया है। संग्रहालय की क्रमशः तीसरी, चौथी और पाँचवीं गैलरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को समर्पित हैं। इन गैलरियों में उनकी फोटो, अखबार की कटिंग, सिलिकॉन की मूर्तियों के जरिए उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों को दिखाया गया है। संग्रहालय में पांच गैलरियों के साथ पांच कोर्टयार्ड का भी निर्माण किया गया है। फर्स्ट फ्लोर पर बने तीन कोर्टयार्ड क्रमशः भारत माता, जन संघ के प्रतीक चिन्ह दीपक और सुदर्शन चक्र की प्रतिकृतियां बनाई गई हैं। एक कोर्टयार्ड में भारत माता की 10 फिट ऊँची मूर्ति लगी है, साथ ही दीवार पर वन्दे मातरम उत्कीर्ण किया गया है। द्वितीय माले पर बने कोर्टयार्ड में राष्ट्र नायकों के प्रयोग किए गए समान जैसे- तख्त, मेज-कुर्सी, छड़ी को लोगों के दर्शन के लिए रखा गया है। इसके अलावा संग्रहालय में 12 इंटरप्रिटेशन वॉल बनाई गयी हैं, जिन पर म्यूरल और रिलीफ आर्ट के माध्यम से भारत के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं और महान विभूतियों को दर्शाया गया है।

# दिल दहला देने वाला रेल हादसा : एक ही बाइक पर सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** जनपद शाहजहांपुर में बुधवार शाम एक ऐसा भीषण रेल हादसा हुआ, जिसने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। थाना रोजा क्षेत्र अंतर्गत रेलवे जंक्शन के पास पावर केबिन के समीप तेज रफ्तार गरीब रथ एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक ही बाइक पर सवार पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक ही परिवार के दो पुरुष, एक महिला और दो मासूम बच्चों की जान चली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक थाना उचौलिया, जनपद खीरी निवासी हरिओम पुत्र लालाराम अपने साढ़ू सेठपाल, सेठपाल की पत्नी पूजा तथा उनके दो बच्चों के साथ शाहजहांपुर के बुध बाजार से खरीदारी कर बाइक से घर लौट रहे थे। बुधवार शाम जैसे ही वे लोग रोजा रेलवे जंक्शन के पास स्थित रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे थे, तभी बरेली से लखनऊ की ओर जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस तेज गति से आ गई और बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक ट्रेन में फंस गई और करीब 500 मीटर तक घिसटती चली गई। इस दौरान बाइक पर सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। रेलवे पुलिस, रोजा थाना पुलिस और रेलवे प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे।



#### सूचना

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25 दिसंबर 2025 को क्रिसमस पर्व के मौके पर कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 दिसंबर को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

## कफ सिरप कनेक्शन : अदलहाट पुलिस के हत्थे चढ़ा तीसरा आरोपी

**मीरजापुर।** कफ सिरप मामले में अदलहाट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित की पहचान ग्राम परोरा, नारायणपुर निवासी शिवम द्विवेदी के रूप में हुई है, जो सनराइज ट्रेडर्स नामक फर्म का प्रोपराइटर बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपित पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे दवा एजेंसी खोलने और संदिग्ध तरीके से कफ सिरप की खरीद-फरोख्त करने का आरोप है। पुलिस जांच में सामने आया कि शिवम द्विवेदी की फर्म को नई दिल्ली स्थित वान्या इंटरप्राइजेज से करीब 1 लाख 42 हजार शीशी कफ सिरप की आपूर्ति की गई थी। इस सिरप का अवैध रूप से दुरुपयोग किया गया। विवेचना के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि सनराइज ट्रेडर्स मौके पर नियमित रूप से संचालित नहीं थी, बल्कि फर्म केवल एक-दो बार ही खोली गई, इसके बावजूद बड़े पैमाने पर सिरप की बिक्री दर्शाई गई।

# कैबिनेट : मेट्रो कोरिडोर विस्तार की तीन परियोजनाएं हुईं मंजूर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली मेट्रो के फेज-5ए के लिए कुल 12,014.91 करोड़ रुपये की लागत से तीन नए कॉरिडोर को मंजूरी दी है। परियोजना 16.076 किमी लम्बी है। इससे राष्ट्रीय राजधानी में कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इसे मंजूरी दी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में मीडिया को इस बारे में जानकारी दी। ये तीन कॉरिडोर हैं- आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ (9.913 किमी), एयरोसिटी से डोमेस्टिक एयरपोर्ट टी-1 (2.263 किमी), तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज (3.9 किमी)। तुगलकाबाद-कालिंदी कुंज सेक्शन पर सरिता विहार डिपो, मदनपुर खादर और कालिंदी कुंज स्टेशन होंगे। वहीं, एयरोसिटी स्टेशन को आगे डोमेस्टिक-1 स्टेशन से जोड़ा जाएगा। अश्नवी वैष्णव के अनुसार सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर सभी कर्तव्य भवनों को कनेक्टिविटी देगा। इससे इलाके में ऑफिस जाने वालों और विजिटर्स को डोर स्टेप कनेक्टिविटी मिलेगी। इस कनेक्टिविटी से रोज़ाना करीब 60 हज़ार ऑफिस जाने वाले और 2 लाख आगंतुकों को फायदा होगा। आरके आश्रम मार्ग-इंद्रप्रस्थ सेक्शन बॉटनिकल गार्डन-आर.के. आश्रम मार्ग कॉरिडोर का एक्सटेंशन होगा। यह सेंट्रल विस्टा इलाके को मेट्रो कनेक्टिविटी देगा। एयरोसिटी-आईजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल 1 और तुगलकाबाद-कालिंदी कुंज सेक्शन एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर का एक्सटेंशन होगा।



#### इस विस्तार में होंगे 13 स्टेशन

इस विस्तार में 13 स्टेशन होंगे। इनमें से 10 स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे और 3 स्टेशन एलिवेटेड होंगे। परियोजना की लागत केन्द्र सरकार, दिल्ली सरकार और अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों से आएगी। पूरा होने के बाद कॉरिडोर-1 पश्चिम, उत्तर और पुरानी दिल्ली की कनेक्टिविटी को सेंट्रल दिल्ली से बेहतर बनाएगा और बाकी दो कॉरिडोर दक्षिण दिल्ली को साकेत, छतरपुर के रास्ते डोमेस्टिक एयरपोर्ट टर्मिनल-1 से जोड़ेंगे। आरके आश्रम मार्ग-इंद्रप्रस्थ सेक्शन पर आर.के आश्रम मार्ग, शिवाजी स्टेडियम, केन्द्रीय सचिवालय, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, समर स्मारक- हाई कोर्ट, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम, और इंद्रप्रस्थ स्टेशन होंगे।




# तेंदुए ने बुजुर्ग समेत तीन लोगों पर किया हमला घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले के रूपईडीहा इलाके में बुधवार सुबह जंगल से निकले एक तेंदुए ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में एक बुजुर्ग समेत तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए बहराइच जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। यह घटना पचपकड़ी ग्राम में हुई। गांव के निवासी राधे श्याम सुबह अपनी नित्य क्रिया के लिए जा रहे थे, तभी अचानक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया।

शोर सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर तेंदुए के पीछे दौड़े। इसी दौरान तेंदुए ने 14 वर्षीय संजना और 25 वर्षीय अंकित पर भी हमला कर दिया। हमले के बाद तेंदुआ खेतों की ओर भाग गया। सभी घायलों को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें बहराइच जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

ग्रामीणों की सूचना पर रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत मौके पर पहुंचे। वन विभाग को भी घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद रेंजर वन कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। यह इलाका चकिया जंगल से सटा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि तेंदुआ भटककर आबादी वाले क्षेत्र में आ गया था। वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के प्रयास कर रही है।

## पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बौंडी इलाके में एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला है। युवक अपनी पत्नी से मिलने ससुराल आया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना बौंडी थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव के पास हुई। ग्रामीणों ने गांव के बाहर खेत में लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी के सहारे युवक का शव लटका देखा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मृतक की पत्नी और परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान गोंडा जनपद के खरगूपुर थाना क्षेत्र स्थित वीरपुर गांव निवासी सुभाष के रूप में हुई है। दो वर्ष पूर्व उसकी शादी बौंडी थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव की सुषमा से हुई थी। सुभाष पंजाब में मजदूरी का काम करता था और कुछ दिन पहले ही अपनी पत्नी से मिलने ससुराल आया था। आज सुबह वह घर से टहलने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। घटना की जानकारी मिलने पर बौंडी थाना प्रभारी टी.एन. मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# वंचितों के हक की आवाज बना रोसा का मेगा कैम्प एक मंच पर पहुंचीं दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं

समृद्धि न्यूज



**पयागपुर, बहराइच।** पयागपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत अरकापुर स्थित प्राइमरी स्कूल लोनियनपुरवा में रोसा संस्थान, बहराइच द्वारा आयोजित वृहद मेगा कैम्प ग्रामीणों के लिए राहत और जागरूकता का बड़ा माध्यम बना। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य वंचित, निराश्रित एवं जरूरतमंद परिवारों को सरकारी सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। मेगा कैम्प के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, विकास, बाल संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा एवं रोसा संस्थान की योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

विशेष रूप से बच्चों के अधिकारों, बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल तस्करी से प्रभावित या जोखिमग्रस्त बच्चों के लिए संचालित सरकारी योजनाओं पर जोर दिया गया। स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना सहित अन्य आर्थिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए पात्र बच्चों को चिन्हित कर उनका संबंधित योजनाओं से लिंकेज भी कराया गया, ताकि उन्हें समय पर आर्थिक और सामाजिक सहयोग मिल सके।

कैम्प के माध्यम से ग्रामीणों और वंचित परिवारों को एक ही मंच पर विभिन्न विभागों एवं योजनाओं की जानकारी मिली, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। रोसा संस्थान की सक्रिय कार्यकर्ता प्रतिमा सिंह ने कहा कि संस्था का लक्ष्य ग्राम पंचायत स्तर पर हर नागरिक, विशेषकर बच्चों और वंचित परिवारों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। इसी उद्देश्य के तहत संस्था लगातार मेगा कैम्प और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यक्रम में रोसा संस्थान से विकास जायसवाल, प्रतिमा सिंह, फिरदौस फातिमा सहित ग्राम प्रधान, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा, पंचायत सहायक खुटेहना एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की शपथ लेकर सामाजिक बदलाव का मजबूत संदेश दिया।

## खबरें एक नजर में

### ताला तोड़कर सात लाख की चांदी, तीन लाख का सोना लेकर चोर चंपत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के तिवारी बाजार में चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान में धावा बोलकर सात लाख की चांदी और तीन लाख का सोना 80 हजार रुपया नगदी उठा ले गए। इस चोरी से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गया। नगर कोतवाली क्षेत्र के तिवारी बाजार में मंगलवार की बीती रात्रि में ज्वैलर्स राज किशोर की दुकान का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए। दुकान के अंदर रखी अलमारी के लाकर को भी तोड़ डाला उसमें रखा करीब चार किलो तक की चांदी तीन तोला तक का सोना और करीब अस्सी हजार नगदी उठा ले गए। दुकान दार राज किशोर के भाई आशीष गुप्ता बुधवार की सुबह जब दुकान खोलने आए तब उस को चोरी होने की जानकारी हुई। दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। दुकान के अंदर रखे आलमारी का ताला टूटा था। उस में रखा सूट केश खाली जेवर गायब था। दुकान मालिक राजकिशोर गुप्ता इस समय कही बाहर है। उनका छोटा भाई आशीष गुप्ता पहुंचे चोरी की सूचना तिवारी बाजार चौकी को किया। मौके पर पुलिस भी पहुंची और घटना की जांच किया है। पास की दुकान में लगे सी सी टी वी कैमरे में चार संदिग्ध लोग दुकान से जाते हुए दिखाई पड़ रहे है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी हुई है।
आशीष गुप्ता ने बताया कि दुकान को मंगलवार की देर रात्रि में बंद कर के अपने घर चला गया था। चोरों ने ठंडक का फायदा उठाते हुए दुकान का ताला तोड़ कर चोरी किया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### मारपीट में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** खरगू पुर थाना क्षेत्र में मार पीट में घायल माहिल की 40 दिन बाद मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गई। खरगू पुर थाना क्षेत्र के बल्ही जोत गांव के निवासी 45 वर्षीय मन्नू देवी पत्नी चंद्र प्रकाश को बीते 15 नवंबर को लोहे की रॉड सहित धारदार से हमला कर घायल कर दिया था। इलाज के लिए पहले सी एस सी लाया गया। हालत गम्भीर होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार न होने पर लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। कुछ दिन तक इलाज कराने के बाद वापस गोंडा मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मेडिकल कालेज में मौत हो गई। मृतका के पति चंद्र प्रकाश ने बताया कि घर के बगल गली है उस गली के पास ही उस की भी जमीन है जिस पर राम केवल दीप नारायण मिश्रा बालक राम दशरथ मिल कर अपना दरवाजा लगा रहे थे जिस का विरोध करने उस की पत्नी मन्नू देवी पुत्र राजन पांडेय और उस के भाई शांति प्रसाद को लोहे की रॉड से हमला कर के घायल कर दिया था। इस घटना में पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने एन सी आर का मुकदमा दर्ज किया था। चंद्र प्रकाश ने बताया कि गली की कब्जा न कर इस के लिए कई बार विवाद हुआ था। खरगू पुर थाना पर इस की शिकायत भी की गई थी। थाने का एक दरोगा ने मिलकर मौके की जांच भी किया था।इस के बाद भी उस ने कोई कारवाही नहीं किया था। जिस से इन हमला वारों का हौसला और बुलंद हो गया था। इसी लिए ये लोग जबरन गली में दरवाजा लगा रहे थे जिस का विरोध करने पर हमला कर दिया था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### विश्व हिंदू परिषद ने बांग्लादेश सरकार का फूंका पुतला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदुओं व अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका और केंद्र सरकार से मामले में हस्तक्षेप की मांग की। यह आक्रोश रैली नगर स्थित राजा हीरा सिंह धर्मशाला से शुरू हुई। प्रदर्शनकारियों ने हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और उनके धर्मस्थलों पर हो रहे हमलों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। रैली चौक घंटाघर और पीपल तिराहा होते हुए परशुराम चौक स्थित धरना स्थल पहुंची, जहां बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने हिंसा में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह भी किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष तरुण सिंह, जिला मंत्री अंशुमान यज्ञसेनी, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुनीता सिंह, प्रांत समरसता प्रमुख राजकिशोर, बजरंग दल नगर संयोजक नितिन गुप्ता, मनीष पांडे, अमर शुक्ला, हनुमंत पाठक, सौरभ गांधी, दिनेश गुप्ता, आकाश तिवारी, ध्रुव, विकास सिंह, सोनल पंडित, अजय सिंह, अवधेश सिंह और प्रदीप दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बीएसए ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रिसिया का औचक निरीक्षण किया। प्रार्थना सभा में पहुंचे बीएसए ने बच्चियों के साथ ईशवंदना की तथा सहज वार्तालाप कर शैक्षिक गुणवत्ता जांची तथा उन्हें ठंड से बचने के उपायों की जानकारी दी।

इस दौरान बीएसए ने कस्तूरबा वार्डन तथा समस्त स्टाफ से वार्तालाप कर शिक्षा की गुणवत्ता तथा संस्थान में उपलब्ध खाद्य सामग्रियों, दैनिक प्रयोग वस्तुओं, ड्रेस, स्वेटर ,जूते-मौजे, ट्रैकसूट आदि की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान बीएसए ने बच्चियों के साथ क्रिकेट खेला तथा उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान बीएसए द्वारा बच्चियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। अपने बीच बीएसए को पाकर बच्चियों की खुशी का कोई ठिकाना न रहा। इस दौरान बीएसए द्वारा विकास क्षेत्र नवाबगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय भक्तापुर गुलहरिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय सम्मनगांव का भी औचक निरीक्षण किया। तथा विद्यालय अभिलेखों की जांच की। इस दौरान विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई व रंगाई-पुताई कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।



जिला समन्वयक बालिका शिक्षा अनुराग शर्मा ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्यनरत बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन तथा अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला समन्वयक बालिका शिक्षा तथा जिलाधिकारी द्वारा गठित टीमों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का नियमित औचक निरीक्षण किया जाता है।

# संदिग्ध मौत या सुनियोजित हत्या? पयागपुर में युवक की मौत से हड़कंप



समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निबिहा गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक को गंभीर हालत में परिजन आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। माहौल देखते ही देखते तनावपूर्ण हो गया। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या की गई है और इसमें कुछ स्थानीय लोगों की सीधी संलिप्तता है। परिजनों ने पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध बताते हुए स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही पयागपुर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, वहीं परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। फिलहाल युवक की मौत रहस्यमयी बनी हुई है। यह हादसा है या फिर सोची-समझी साजिश–इसका खुलासा पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। गांव में घटना को लेकर दहशत और आक्रोश का माहौल है, और लोग जल्द से जल्द सच्चाई सामने आने की मांग कर रहे हैं।

# मोदनवाल समाज के नगर अध्यक्ष बने गौरव मोदनवाल



समृद्धि न्यूज

**गोन्डा।** मोदनवाल समाज के जिलाध्यक्ष राज कपूर मोदनवाल की अध्यक्षता में ईदगाह रोड पटेल नगर स्थित वैल्यू प्लस पर एक बैठक हुईं। जिसमें सर्वसम्मति से रानी बाजार निवासी गौरव मोदनवाल को मोदनवाल समाज का नगर अध्यक्ष, पंकज मोदनवाल को महामंत्री, मोहित मोदनवाल को उपाध्यक्ष, आलोक मोदनवाल और प्रहलाद मोदनवाल को मंत्री, महेश मोदनवाल को प्रचार मंत्री एवं विकास मोदनवाल, विक्की मोदनवाल, वैभव मोदनवाल, अनिल मोदनवाल और निखिल मोदनवाल को मोदनवाल समाज का कार्यकारी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक का संचालन मनीष मोदनवाल और आशीष मोदनवाल ने किया। इन सभी नये पदाधिकारियों के मनोनीत होने पर प्रदेश अध्यक्ष आलोक आर्य, करनैलगंज नपा पूर्व अध्यक्ष रामजी लाल मोदनवाल, ज्ञान प्रकाश मोदनवाल, चिरोजीलाल मोदनवाल, माखनलाल, संजय मोदनवाल, भूपेंद्र आर्य, राधेश्याम मोदनवाल, राजा बाबू जी गुप्ता एडवोकेट, राजेंद्र प्रसाद मोदनवाल, उमानाथ मोदनवाल, कृष्ण गोपाल मोदनवाल, विजय मोदनवाल, देवव्रत आर्य, मनीष मोदनवाल, कन्हैया मोदनवाल, आशीष मोदनवाल सभासद, रमेश मोदनवाल, अमरनाथ मोदनवाल, सतीश मोदनवाल,शम्भू मोदनवाल, विकास मोदनवाल, चंदन आर्य मोदनवाल, अभिनाश मोदनवाल, संतोष मोदनवाल आदि ने खुशी जाहिर किया।

# एसआईआर कार्य को पारदर्शिता व समयबद्धता के साथ करें पूर्ण

▸ निर्वाचन से एसआईआर कार्य में लगाए गए नोडल अफसरों के साथ समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगाए गए नोडल अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देना रहा।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे और अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में एसआईआर कार्य को गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि फील्ड स्तर पर कार्यरत बीएलओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें। घर-घर जाकर सत्यापन, नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृतक मतदाताओं के नाम हटाने तथा स्थानांतरित मतदाताओं के विवरण में संशोधन जैसे कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी नोडल अधिकारी नियमित रूप से प्रगति की मॉनिटरिंग करें और किसी भी समस्या या बाधा की जानकारी तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय को दें। बैठक में यह भी कहा गया कि एसआईआर कार्य के दौरान आम जनता को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मतदाता विवरण की जांच कर आवश्यक सुधार करा सकें। इसके लिए प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क तथा डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने एसआईआर कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पूर्ण सहयोग और प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोकलपुर में निर्मित ओपेन जिम व टेबल टेनिस कोर्ट का सीडीओ ने किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा।** जनपद के विकासखण्ड झंझरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोकलपुर में शैक्षिक एवं खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साकार हुई है। माह अप्रैल, 2025 में ग्राम पंचायत मोकलपुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित ब्लॉक आपके द्वार÷ कार्यक्रम के दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोकलपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में ओपेन जिम एवं टेबल टेनिस कोर्ट की स्थापना की मांग रखी गई थी।

बच्चों की इस सार्थक एवं रचनात्मक मांग को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया था कि विद्यालय परिसर में आवश्यक खेल सुविधाओं का निर्माण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में खण्ड विकास अधिकारी झंझरी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोकलपुर के परिसर में ओपेन जिम एवं टेबल टेनिस कोर्ट की स्थापना का कार्य पूर्ण कराया गया। यह पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक स्वास्थ्य तथा खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। निर्मित ओपेन जिम एवं टेबल टेनिस कोर्ट का उद्घाटन 24 दिसंबर, 2025 को मुख्य विकास अधिकारी, गोण्डा अंकिता जैन द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि खेल एवं शारीरिक गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

सुविधाएँ ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास करती हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने जिलाधिकारी द्वारा बच्चों की मांग पर त्वरित संज्ञान लेने तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण कराए जाने की सराहना की।

**निरीक्षण** | तीन विक्रेता को कारण बताओ नोटिस व एक विक्रेता का उर्वरक प्राधिकार पत्र निलम्बित

# ओवररेटिंग/टैगिंग के शिकायत पर विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** विकास खण्ड बभनजोत एवं छपिया में ओबर रेटिंग एवं टैगिंग की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी द्वारा उपनिदेशक कृषि को बभनजोत एवं छपिया क्षेत्र के दुकानदारो कीं जांच कर दोषी विक्रेता पाये जाने पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके कम में उपनिदेशक कृषि एवं वरिष्ठ प्रा0 सहायक ग्रुप-ए कार्यालय जिला कृषि अधिकारी गोण्डा के साथ औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में मे0 दिलीप कुमार गुप्ता फुटकर उर्वरक विक्रेता बनगवों बाजार विकास खण्ड बभनजोत गोण्डा के दुकान पर उर्वरक स्टाक बोर्ड लगा नही पाया गया दुकान पर उर्वरको के मूल्य सम्बन्धी बैनर भी लगा नहीं पाया गया स्टाक एवं विकी पंजिका अपूर्ण पाया गया विकी पंजिका में दर्ज कृषक का नाम श्री सवई के मोबाइल नम्बर पर बात करने पर उपस्थित होकर लिखित बयान कृषक द्वारा दिया गया कि मात्र 20 किग्रा यूरिया दो सौ रूपये में प्राप्त किया है तथा एक अन्य कृषक श्री मो0युनूस द्वारा बताया गया कि एक बोरी यूरिया के साथ जबरदस्ती जिंक टैग करके मु0 480 रूपये में विक्रेता द्वारा दिया गया है।

जिस पर विक्रेता के विरूद्ध ओबर रेटिंग एवं टैगिंग करने से श्री महेश कुमार गुप्ता वरिष्ठ प्रा0सहायक ग्रुप-ए कार्यालय जिला कृषि अधिकारी गोण्डा द्वारा थाना खोड़ारे में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

इसके साथ ही साथ पूजा जनरल स्टोर मसकनवों बाजार, जायसवाल खाद भण्डार भोपतपुर, जायसवाल खाद भण्डार सबना चौरहा विकास खण्ड बभनजोत एग्री क्लीनिक एवं एग्री विजनेस सेंटर सबना बाजार विकास खण्ड बभनजोत के अभिलेख अपूर्ण होने से कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु जिला कृषि अधिकारी गोण्डा को निर्देशित किया गया है तथा जायवाल खाद भण्डार चन्द्रदीप घाट विकास खण्ड बभनजोत द्वारा दुकान बन्द करके पलायित होने से उर्वरक प्राधिकार पत्र निलम्बन की संस्तुति किया गया।

इसी प्रकार जनपद में निरन्तर छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-3/7 के अर्न्तगत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया जायेगा। जनपद में यूरिया उर्वरक की कोई कमी नही है कृषक भाई अपने आधार से जोत के अनुसार यूरिया प्राप्त करें।



# क्रिसमस एवं नव वर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनायें







## संदेश

सुधी पाठकों एवं कृपालु विज्ञापनदाताओं को क्रिसमस एवं नवर्ष की हार्दिक शुभकामनायें। आपके जीवन में हर वर्ष नववर्ष आये और आप इसी तरह धूमधाम से क्रिसमस एव नव वर्ष मनायें। प्रभु यीशु मसीह की तरह आप भी सच्चाई के मार्ग पर चलें।

**लक्ष्मीकान्त भारद्वाज**
**जिला विज्ञापन प्रतिनिधि**



पादरी मनोज कुमार | पादरी स्टीफन मसीह | डा0 प्रदीप कुमार टोप्पो | राजेश मसीह | रोजीशन विश्वासी

# यीशु का जन्म-संदेश

18 यीशू मसीह का जन्म इस प्रकार से हुआ, कि जब उसकी माता मरियम की मंगनी यूसुफके साथ हो गई, तो उनके इकट्ठा होने से पहले ही वह पवित्र आत्मा की ओर से गर्भवती पाई गई। 19 अतः उसके पति यूसुफ ने जो धर्मी था और उसे बदनाम करना नहीं चाहता था, उसे चुपके से त्याग देने का विचार किया। 20 जब वह इन बातों के सोच ही में था तो प्रभु का स्वर्गदूत उसे स्वप्न में दिखाई देकर कहने लगा, ''हे यूसुफ! दाऊद की संतान, तू अपनी पत्नी मरियम को अपने यहां ले आने से मत डर, क्योंकि जो उसके गर्भ में है, वह पवित्र आत्मा की ओर से है। 21 वह पुत्र जनेगी और तू उसका नाम यीशु रखना, क्योंकि वह अपने लोगों का उनके पापों से उद्धार करेगा।'' 22 यह सब इसलिए हुआ कि जो वचन प्रभु ने भविष्यद्वक्ता के द्वारा कहा था, वह पूरा हो, 23 ''देखो, एक कुंवारी गर्भवती होगी और एक पुत्र जनेगी, और उसका नाम इम्मानुएल रखा जाएगा,'' जिसका अर्थ है - परमेश्वर हमारे साथ। 24 तब यूसुफनींद से जागकर प्रभु के दूत की आज्ञा के अनुसार अपनी पत्नी को अपने यहां ले आया, 25 और जब तक वह पुत्र न जनी तब तक वह उसके पास न गया, और उसने उसका नाम यीशु रखा।



अनिल प्रशाद | अनुराग मल्ल | इं0 अनुपम मसीह | डॉ0 नीतू मसीह | डॉ0 नम्रता मल्ल | अतुल दास



ऐस्तर रोज दयाल | रंजीत मैसी | मोरीना एविल | अमन मनीला मैसी | भावना लाल | अनीता मसीह

# क्रिसमस आज, दुल्हन की तरह सजे गिरजाघर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बड़े दिन की पूर्व संध्या पर गिरजाघरों को दुल्हन की तरह सजाया गया। पिछले एक महीने से सजावट व खरीददारी का कार्य चल रहा था। ईसाई समाज के युवक युवतियों ने बढ़-चढ़कर इस पारम्परिक त्यौहार में भाग लिया। देर रात सीएनआई चर्च बढ़पुर में कैंप फायर का आयोजन हुआ। रात्रि के 12 बजे ही प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर चर्च में पादरी मनोज कुमार व पादरी स्टीफन मसीह ने प्रार्थना व आराधना की और केक काटकर यीशु का जन्मदिन मनाया। पूरे दिन बाजार में रौनक रही। सांता क्लाज ने बच्चों को टॉफियां बांटीं। सीएनआई चर्च बढ़पुर, आल सोल्स चर्च फतेहगढ़, रखा चर्च फतेहगढ़, सिटी चर्च फर्रुखाबाद, क्राइस्ट चर्च फतेहगढ़ को रंगीन झालरों व लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया। मसीह समाज के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर देर रात चर्च पहुंचकर आराधना कर जन्मदिन मनाया।


























## खबरें एक नजर में

### बाल विवाह कानूनन अपराधः अमृता दीक्षित



पुवायां-शाहजहांपुर। बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बाल विकास पुवायां इंटर कॉलेज व सेक्रेड हार्ट एकेडमी में छात्र छात्राओं को बाल विवाह के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने अनाथ बच्चों को सरकार के द्वारा आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिलाया। बुधवार को पुवायां इंटर कालेज व द सेक्रेड हार्ट एकेडमी में महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मिशन कोर्डिनेटर अमृता दीक्षित व परियोजना समन्वय चाइल्ड हेल्पलाइन विनय शर्मा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पाता है जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधकारमय बीतता है। बाल विवाह करना एक कानून अपराध है परिवार, समाज, समुदाय एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बाल विवाह हेतु सक्रिय सहभागिता के साथ बाल विवाह का अंत करना होगा तभी बाल विवाह मुक्त भारत संभव हो सकेगा। परियोजना समन्वयक द्वारा बताया गया कि विवाह करने की उम्र लड़की की 18 वर्ष से अधिक तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के प्रतिज्ञा की। इसके साथ ही अमृता दीक्षित ने सभी को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फी नंबर 1098, महिला हेल्प लाइन 181, पुलिस हेल्पलाइन 112,108,1076,1090 इत्यादि टोल फी नंबरों की जानकारी दी और बच्चों को वीर बाल दिवस के बारे में भी जागरूक किया गया तथा बच्चों को निम्नलिखित विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, 181 महिला हेल्पलाइन आदि योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### 626 किसानों के सट्टा पर खाता गलत होने पर फंसा भुगतान

**पुवाया-शाहजहांपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल परिक्षेत्र से जुड़े किसानों की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों का सट्टा संचालन शुरू होने के बाद उनके सही खातों पर बैंक नंबर न फीड होने पर 626 किसानों के खातों में गन्ना भुगतान नहीं पहुंच सका। सीसीओ प्रवीण कुमार ने गन्ना पर्यवेक्षकों से खाता फीड कराने के निर्देश दिए हैं।

### ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटने से चालक गंभीर घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव हरना नगला निवासी ओमप्रकाश का 21 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार अपने घर से ई रिक्शा चला कर रोज की भांति आ रहा था। जैसे ही ई रिक्शा सुनारा बुजुर्ग गांव के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। रिक्शा पलटने से दिलीप कुमार के गंभीर चोटें आई हैं राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से दिलीप कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवाया लाया गया जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उचित इलाज हेतु शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि घायल को मेडिकल कॉलेज गंभीर चोट होने के कारण रेफर किया गया है जिससे कि उसका बेहतर इलाज हो सके।

### निःशुल्क बीज के लिए जल्द करे आवेदनः जिला कृषि अधिकारी

**शाहजहांपुर।** कृषि विभाग द्वारा राज्य सरकार द्वारा वित पोषित निःशुल्क दलहन एवं तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत जायद-2026 में दलहनी फसलों,उर्द एवं मूंग के बीज गन्ना उत्पादक कृषकों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि इसके लिए बुकिंग 20 दिसम्बर से प्रारम्भ हो चुकी है तथा अन्तिम तिथि 20 जनवरी है। बसंतकालीन गन्ना की खेती करने वाले कृषक जो जायद-2026 में गन्ने की फसल में उर्द अथवा मूंग की अन्तः फसली खेती करने को निःशुल्क बीज प्राप्त करने के इच्छुक है, उन्हें कृषि विभाग के दर्शन-2 पोर्टल पर अनिवार्य रूप से बुकिंग/आवेदन कराना होगा। आवेदन के आधार पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से चयनित कृषकों को कृषि विभाग के विकास खण्ड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डार से बीज का वितरण किया जायेगा। 1 कृषक अधिकतम 1 हेक्टेयर क्षेत्रफल हेतु उर्द एवं मूंग की निःशुल्क बीज प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकेगा। कृषि विभाग समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करता है कि वे समय से अपना आवेदन, बुकिंग अवश्य करें एवं इसे योजना का लाभ उठायें।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के एक गांव निवासी युवती ने थाना खुटार में तहरीर देकर बताया कि जनपद पीलीभीत के थाना पूरनपुर के अंतर्गत निवासी एक गांव के युवक के द्वारा शादी का झांसा देकर युवती के साथ में शारीरिक शोषण किया गया जिसके चलते युवती गर्भवती हो गई जब युवती के द्वारा युवक से शादी करने की बात कही गई। तो युवक टाल मटोल करने लगा युवती ने बताया कि उसे युवक का मेरे पड़ोसी के घर आना जाना है वह मेरे पड़ोसी का रिश्ते में साला है। युवती ने न्याय की गुहार लगाई।

### ससुर ने दामाद पर लगाया जबरदस्ती फसल काटने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** पीलीभीत के थाना क्षेत्र सेहरामऊ उत्तरी निवासी एक बुजुर्ग के द्वारा थाना खुटार में तहरीर देकर बताया गया कि मेरी जमीन थाना क्षेत्र खुटार के अंतर्गत गांव नवदिया दरोदाह में है। जिसमें चार बीघा जमीन पर गन्ने की फसल खड़ी है। जिसको मेरा दामाद जो की थाना क्षेत्र मैलानी के अंतर्गत एक गांव का निवासी है जो जबरदस्ती उसको काट के बेचना चाह रहा है। पीड़ित बुजुर्ग के द्वारा थाना खुटार में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई गई।

### 27 से चलेगा विटामिन ए सप्लीमेंट्स प्रोग्रामः डॉ. आसिफ



**शाहजहांपुर।** जनपद में विटामिन ए की खुराक बच्चों को पिलाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। विटामिन-ए की कमी से बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को रोकने के लिए चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच साल के बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए 27 दिसंबर से जनवरी माह के अंत तक विटामिन-ए कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नौ से 12 माह तक के बच्चों को एक एमएल और एक वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चों को एक एमएल विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. मोहम्मद आसिफ ने बताया कि उक्त कार्यक्रम हर छह में चलता है। दवा पिलाने के लिए सूची आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को एएएन द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि छह माह के बच्चों को केवल स्तनपान, छह माह से अतिरिक्त आहार की जरूरत होती, अनुपूरक आहार दिया जाना होता है। इसका उद्देश्य खाने में विविधता में के लिए जागरूक करना है। विटामिन ए की खुराक आंखों की रोशनी, एम्मुनिटी, चाइल्ड विकास के लिए आदि के लिए होता है। उक्त प्रोग्राम एक माह तक चलेगा।

# सुशासन सप्ताह के संबंध में एक वृहद कार्यशाला का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर सुशासन सप्ताह के संबंध में एक वृहद जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने बताया कि जनपद में 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। यह आयोजन हर साल की तरह इस वर्ष भी प्रशासनिक सुधारों को बढ़ावा देने और सरकार के दृढ़ उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस सप्ताह के दौरान, राज्य प्रशासन और केंद्र शासित प्रदेश भारत सरकार के साथ मिलकर प्रशासन में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करते हैं। प्रशासन गाँव की ओर जैसे अभियानों के माध्यम से इसका उद्देश्य प्रशासन और शिकायत निवारण को जमीनी स्तर तक ले जाना है। सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत, पब्लिक सर्विस डिलीवरी सेवाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और जन सुनवाई शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। यह सुशासन सप्ताह पूरे देश में समावेशी, कुशल और सहभागी शासन के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। सुशासन प्रभावी और समावेशी प्रशासन सुनिश्चित करने वाले प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित है। इसमें भागीदारी, सर्वसम्मति-उन्मुख निर्णय लेने, पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों की जरूरतों के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाता हैं।

# सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस



**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर के सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल में क्रिसमस दिवस पर बच्चों ने मनोहारी प्रस्तुति की। इस अवसर पर अतिथियों में प्रबंधक रेव फॉदर लाइजू एंटोनी, प्रधानाचार्या रेव सिस्टर एविला और फॉदर राजू आईएमएस ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसने एक आनंदमय माहौल का संचार किया। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसमें संगीत, नृत्य और नाटक शामिल थे। इस दौरान प्रबंधक लाइजू एंटोनी ने केक काटा। जिसे खुशियों को बांटने का प्रतीक और प्यार फैलाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सच्ची खुशी दूसरों के साथ बांटने से मिलती है। बोले आइए हम सभी सांताक्लॉज की तरह प्यार, दया और करुणा फैलाएं। कार्यक्रम का समापन फादर लाइजू एंटोनी द्वारा सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं देने के साथ हुआ। इस उत्सव ने छात्रों, शिक्षकों और मेहमानों में खुशी और त्योहार की भावना व्यक्त की गई।

# जनपद भ्रमण पर रहे केंद्रीय मंत्री जितिन

▸ उधोगपति श्रीगोपाल की पत्नी के निधन पर व्यक्त किया शोक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद एक दिवसीय जनपद भृमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने महानगर में वरिष्ठ स्तंभकार अमित त्यागी के पिता प्रवक्ता स्व. एन.सी. त्यागी, उद्योगपति श्रीगोपाल अग्रवाल की पत्नी, जलालाबाद के हार गुरैया में अनिल वर्मा के पिता एवं पूर्व मंत्री स्व. राममूर्ति वर्मा के अग्रज डॉ. ओमप्रकाश सिंह, कलान में स्व. रामदास गुप्ता एवं स्व. अनिल कुमार सिंह (ढपप्ले), मिर्जापुर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमवीर सिंह के चाचा एवं राकेश पांडेय की पत्नी के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर आपनी संवेदना व्यक्त की। श्रीप्रसाद ने लक्ष्मनपुर में आलोक प्रताप सिंह, एवं क्लान में राकेश मिश्र, मोहित मिश्र के आवास पर जनसमान्य से मुलाकात कर हाल-चाल लिया। इस दौरान श्री प्रसाद के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी.मिश्र, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, भूपेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, लता अमित सिंह, नगर पंचायत क्लान अध्यक्ष हरिनारायण गुप्ता, अवधेश दीक्षित, मनमोहन द्विवेदी, रामू अग्निहोत्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, विनोद अग्निहोत्री, दिनेश मिश्र, अजय प्रताप सिंह साथ थे।

# लीड कान्वेंट स्कूल में क्रिसमस का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



लीड कान्वेंट स्कूल में क्रिसमस का पर्व व्हाइट डे के रूप में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या तराना जमाल के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं अपने-अपने घरों से सफेद व लाल रंग के वस्त्र पहनकर स्कूल आए तत्पश्चात स्कूल के प्रधानाचार्या तराना जमाल ने बच्चों को क्रिसमस के पर्व एवं यीशु मसीह के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ मिलकर क्रिसमस ट्री सजाया। प्रधानाचार्या तराना जमाल निदेशक मोहम्मद ने बच्चों के साथ मिलकर क्रिसमस केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात 1 के बच्चों ने क्रिसमस रैंप वॉक कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए कक्षा 1 व 2 की छात्राओं ने विश यू ए वेरी हैप्पी न्यू ईयर... गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया एवं कक्षा 3, 4,5 व 6 की छात्राओं ने विश यू ए वेरी क्रिसमस... गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। हमदान, सृष्टि, खदीजा, माहेर, दक्ष अभिराम, अशर, शयान एवं हैदर सैंटा क्लॉस के रूप में विद्यालय आए। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने जन्नत फातिमा , आयांश, आहिल खान, अरहम, आरव, अब्दुल रहमान, अथर्व यादव, मन्नत फातिमा, आफिया, इनाया खान, मोहम्मद अली, इंशा असलम, नवा खान, जोया फातिमा, आयत परवीन, आरोही सक्सेना, अहमद, अक्षत, आरिश, हंसिका व रमशा का योगदान रहा।कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के निदेशक मोहम्मद जमाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# धान क्रय केंद्रों पर फर्जी तरीके से हो रही कागजी धान खरीद पर बवाल, वीडियो वायरल



**पुवायां, शाहजहांपुर।** धान क्रय केंद्रों पर हो रही फर्जी कागजी धान खरीद के चलते जम कर बवाल हुआ, दोपहर तक बवाल चलता रहा जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने फर्जी कागजी धान खरीद नही करने की मांग की तथा फर्जी खरीद करने पर आंदोलन करने के चेतावनी दी। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शुक्रवार सुबह 9 बजे हिंदू युव वाहिनी के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह अपने 20-25 कार्यकर्ताओं के साथ मंडी समिति में लगे और आरएफसी के क्रय केंद्रों पर पहुंच गये, इसी दौरान आरएफसी के के केंद्र प्रभारी भी मंडी गए और आते ही आते फर्जी कागजी खरीद चढ़ानी शुरू कर दी। ऐसे किसान जिन्होंने अपना धान किसी न किसी मिल पर बेचा था वह फर्जी तरीके से कागजी खरीद चढ़ाई जा रही थी इसी बात को लेकर हिंदू युव वाहिनी के कार्यकर्ता उग्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान कई दिनों से धान तुलबाने को चक्कर लगा रहे किसानों ने भी साथ में मिलकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। काफी देर तक आरएफसी के डिप्टीआरएमओ के खिलाफ प्रदर्शन होने के बाद मंडी में तैनात एमओ राम कैलाश सोनकर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों के साथ बैठकर मामला को शांत कराया। इस दौरान हिंदू युव बहिनी के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया के उन्होंने फर्जी कागजी धान खरीद पर बंद किए जाने की मांग की है साथ ही अगर फर्जी धान खरीद बंद न की गई तो आंदोलन की चेतावनी दी है इस दौरान राघवेंद्र के साथ विपिन पंडित, मनीष पांडेय, अनुराग, शिवम, अंकित, रामू के अलावा कई किसान भी मौजूद रहे।

# अल्हागंज में नवीन कृषि मंडी की मांग तेज

▸ सपा नेता रामवीर सिंह सोमवंशी ने मंडी परिषद निदेशक को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत अल्हागंज क्षेत्र के किसानों की दशकों पुरानी मांग अब शासन की दहलीज तक पहुँच गई है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं ने लखनऊ स्थित मंडी परिषद कार्यालय में निदेशक इन्द्र विक्रम सिंह से मुलाकात की और ग्राम पंचायत रावतपुर में नवीन कृषि मंडी की स्वीकृति हेतु ज्ञापन सौंपा। घ्प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक को अवगत कराया कि अल्हागंज और आसपास की ग्राम पंचायतों में सरकारी मंडी न होने के कारण हजारों किसान परेशान हैं। अपनी मेहनत की उपज बेचने के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है या फिर स्थानीय स्तर पर बिचौलियों के हाथों कम दामों पर फसल बेचने को मजबूर होना पड़ता है। इस दौरान नेताओं ने एक महत्वपूर्ण तथ्य रखा कि अल्हागंज क्षेत्र व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। यहाँ न केवल स्थानीय बल्कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, झांसी, एटा, फर्रुखाबाद, इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हरदोई, बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर और लखीमपुर-खीरी जैसे जनपदों व राज्यों से भारी संख्या में व्यापारी आते हैं। यहाँ प्रतिदिन अरबों रुपए का कारोबार होता है, लेकिन व्यवस्थित मंडी न होने के कारण व्यापारियों और किसानों दोनों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। घ्ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया कि नवीन मंडी के लिए संसाधन और जनसमर्थन दोनों तैयार हैं। ग्राम पंचायत रावतपुर के प्रधान ने जनहित में लगभग 70 बीघा जमीन मंडी निर्माण के लिए देने की सहमति दी है। क्षेत्र के लगभग 2000 किसानों और कई ग्राम प्रधानों ने हस्ताक्षर कर इस मांग का पुरजोर समर्थन किया है। नेताओं ने तर्क दिया कि अल्हागंज क्षेत्र राजस्व वसूली में जनपद में अग्रणी है, फिर भी यहाँ के किसान बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी और जिला सचिव प्रभाशंकर गुप्ता ने निदेशक इन्द्र विक्रम सिंह से मांग की कि वे जिलाधिकारी शाहजहांपुर को स्थलीय निरीक्षण व अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्देशित करें। निदेशक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। घ्रामवीर सिंह सोमवंशी ने कहा यह किसानों के हक की लड़ाई है। यदि शासन स्तर पर जल्द ही नवीन मंडी की स्वीकृति नहीं दी गई, तो समाजवादी पार्टी और क्षेत्रीय जनता बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# खेत देखने गए पूर्व प्रधान पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

▸ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खेत देखने गए पूर्व प्रधान पति को सड़क किनारे अचेतावस्था में पड़ा देखा गया। परिजन तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर होने की बात कही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नरसा नगला निवासी पूर्व प्रधान शांति देवी के पति सत्यपाल का बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में खेत के पास सड़क पर अचेतावस्था में पड़ा देखा गया। परिजन आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अज्ञात वाहन से टक्कर लगने की आशंका जताई है। गांव नरसा नगला निवासी रजनीश कुमार ने बताया कि उनके पिता सत्यपाल 50 बुधवार सुबह गेहूं की फसल की रखवाली के लिए घर से खेत गए थे। कुछ समय बाद ग्रामीणों ने बताया कि सत्यपाल खेत के पास बेहोशी की हालत में पड़े हैं। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रजनीश का आरोप है कि उनके पिता को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौत हो गई। सूचना मिलने प्रभारी इंचार्ज सुनील यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है । मृतक अपने पीछे पत्नी पूर्व प्रधान शांति देवी, पुत्र रजनीश व अवनीश तथा पुत्रियां रंजना और राजवती को रोते-बिलखते छोड़ गए हैं।

# दुर्लभ प्रजाति के गिद्ध देखने को लगी भीड़, पहुंची वन विभाग की टीम

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सिंधौली क्षेत्र के गांव दिवाली में दुर्लभ प्रजाति का एक गिद्ध देखा गया दिवाली के रहने वाले डाक्टर मोहम्मद तौफीक ने वन दरोगा वीरेंद्र गंगवार अतुल कुमार बाजपेई को गिद्ध के एक ही स्थान पर पांच दिनों से बैठे होने की जानकारी दी जिस पर वन दरोगा ने संज्ञान लेते हुए आज दिवाली गांव पहुंच कर गिद्ध के बारे में डॉक्टर मोहम्मद तौफीक से जानकारी ली बताया की गिद्ध घायल या चोटिलावस्था में नहीं है परंतु गिद्धों की कम होती हुई संख्या हमारे समाज के लिए चिंता का विषय है इसलिए हमारी टीम ने दिवाली गांव जाकर गिद्ध को दिखा और उसका रेस्क्यू कर उसे एक तालाब के पास छोड़ दिया अब वह स्वतंत्र विचरण कर रहा है साथ ही उन्होंने गांव वालों को जानकारी देते हुए बताया की गिद्ध हमारा पर्यावरण साथी है जिसे कोई गांव वासी छेड़े न वहीं वन दरोगा ने अतुल कुमार बाजपेई को हर चौथे दिन गिद्ध की निगरानी करने के निर्देश भी दिए इस मौके पर ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### बंदरों के आतंक से छत से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव चंद्रसेनपुर में उस समय हड़कम्प मच गया। जब एक का महिला बंदरों के डर से अचानक छत से नीचे गिर गई। जानकारी मुताबिक गांव की रहने वाली महिला चांदनी पत्नी मुस्तकिम छत पर गई हुई थी। तब अचानक बंदर आ गया। जिसके डर से महिला घबराकर छत से नीचे गिर गयी। और गंभीर रूप से घायल हो गई। जिस एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक का स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद लाया गया। वहीं महिला के साथ आए परिजनों ने बताया की महिला के दो बच्चे हैं। जिनके नाम मुदस्सिम ब अलीशा है। महिला का पति बाहर नौकरी करता है। महिला के बच्चे छत पर ही थे। जिसके चलते महिला छत पर गई थी। फिलहाल मौके पर मौजूद थे परिजनों से अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन रेती रोड स्थित डॉ सुदामा प्रसाद विधास्थली के ग्राउंड में उत्साहपूर्वक रूप से किया गया। प्रतियोगिता अंतर्गत पूर्व में आयोजित 5 क्लस्टर स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों व टीमों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर ने कार्यक्रम आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं में खेलो से समय प्रबंधन और अनुशासन की आदतें विकसित होती हैं व खेलों को भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक भी माना जाता है और खेल व्यक्ति के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को भी बल देता है व उन्होंने केंद्र सरकार की सांसद खेल महोत्सव, फिट इंडिया, खेलो इंडिया, टॉप्स सहित अन्य सम्बंधित योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सशक्त बनने के लिए युवाओं को मानसिक व शारिरिक शक्ति को बढ़ाना चाहिए, मानसिक शक्ति शिक्षा से व शारीरिक शक्ति मैदान में खेल से बनती है और कहा कि खेलो का शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है यही एक ऐसी विधा है जिसमे कोई आरक्षण नही है। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वचन प्रदान किया व सभी को स्वस्थ जीवनशैली हेतु खेलों व अन्य शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। समाजसेवी मुकेश सिंह परिहार ने कहा कि युवाओ में धैर्य, अनुशासन, शालीनता व ज्ञान की प्रचुरता ही उनके मानसिक व शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बाल कल्याण समिति सदस्य अरविंद मिश्रा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी से जीवन में अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयत्नशील व ईमानदार रहने की सीख दी। इसके बाद सम्मानित मंच द्वारा विजेता टीमों व खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र व विशेष उपहार देकर पुरुस्कृत भी किया गया। समूह खेल के बालक वर्ग वालीबॉल में सिंधौली टीम विजेता जबकि तिलहर टीम उपविजेता रही। जबकि बालिका वर्ग खो-खो में सिंधौली टीम विजेता जबकि भावलखेड़ा टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता अंतर्गत आयुष कुमार ने प्रथम, आशीष ने द्वितीय व आशुतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ अंतर्गत राधिका ने प्रथम अंजली ने द्वितीय व नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तो वहीं बालक वर्ग लम्बी कूद में अजय कुमार ने प्रथम, आकाश ने द्वितीय व अमन शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग बैडमिंटन में वैष्णवी शर्मा विजेता जबकि प्रियांशु चौहान उपविजेता रहीं। कार्यक्रम में अधिवक्ता अंजली गुप्ता, डॉ पुनीत मनीषी, अमित श्रीवास्तव, शगुन सक्सेना, दिव्यांशी, वैष्णवी, सुरेन्द्रपाल सिंह, गुरुकुल सेवा ट्रस्ट से कुमार सागर, सत्यराम यादव व रेफरी के रूप में विपिन अग्निहोत्री, सचिन प्रेमी, नितिन कुरील, रामनारायण सक्सेना, प्रिया श्रीवास्तव, वंदना सैनी, मैज़हबी मंसूरी, अजयपाल, पंकज सक्सेना, निशांत चौधरी, शकील अहमद, सुरजीत, नफीस, संजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन अग्निहोत्री ने किया। डॉ सुदामा प्रसाद विधास्थली की प्रधानाचार्या उज्ज्वल मिश्रा, उप प्रचार्या व अन्य स्टॉफगण भी मेरा युवा भारत शाहजहांपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम में उपस्थित रहे व सभी का विशेष सहयोग भी प्राप्त हुआ।

### नीलामी सूचना

भरण पोषण के बाकीदार मो.आलम उर्फ राजा पुत्र मो. इस्लाम नि. चौक आला खां, तहसील-सदर, जनपद-शाहजहांपुर के द्वारा बकाया मु. 1,17,000/ अदा न करने पर बाकीदार की मृतक माता के नाम दर्ज मकान स्थित चौक आला खां में 1/6 अंश की नालामी दिनांक 12.01.2026 को तहसील सभागार शाहजहांपुर में समय 2 बजे होगी। तहसीलदार सदर शाहजहांपुर।

# हिन्दू संगठन ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

**जलालाबाद-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार 2025 को दोपहर 12 बजे अल्लहगंज के बस अड्डा चौराहे पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नें बांग्लादेश में हिंदूओं के साथ हो रही अमानवीय हत्याओ के खिलाफ इस्लामिक जिहाद व बांग्लादेश के प्रधानमंत्री खान युनस का पुतला जलाकर आक्रोश प्रदर्शित किया है। वक्ता के रूप में संगठन के जिला सुरक्षा प्रमुख एडवोकेट धीरेंद्र परमार नें कहा की बांग्लादेश में हिंदूओं के साथ अत्याचार हो रहा है उन्हे अमानवीय यातनायें देकर सिर्फ इसलिए मारा जा रहा है की वह हिंदू हैं,जो बर्दाश्त से बाहर है और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ऐसी बर्बर जिहादी हिंसा और प्रशासनिक निष्क्रियता की निन्दा करने, हिंदू विरोधी हिंसा पर रोक लगाने, इनके अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही कर उन्हें सजा देने और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए भय और शोषणमुक्त वातावरण बनाने की मांग करता है। संपूर्ण हिंदू समाज से आवाहन करता है कि बांग्लादेश में इस प्रकार की अमानवीय घटना के विरोध में विरोध प्रदर्शन करें। कार्यक्रम नगर अध्यक्ष रामजी मिश्रा की अध्यक्षता में तथा जिसका संचालन नगर सह संयोजक सचिन मिश्रा व नगर मंत्री गौरव अग्निहोत्री के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रमेश शुक्ला आरएसएस नगर संचालक गुलाब चंद्र, अंकित मिश्रा, ओमेंद्र यादव, अवनीश वर्मा, कृष्णा शुक्ला, विमलेश शुक्ला, कुंदन सिंह, शिवकांत, श्रीसंत वर्मा, सुमित सक्सेना शाहिद सैकड़ों कार्यकर्ता व सनातनी उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री का लोकदल ने मनाया जन्मदिवस

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन सिंधौली कस्बे में लोक दल द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम रामसनेही शर्मा के आवास पर लोक दल के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें माल्यार्पण किया गया, इसके बाद केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक दल के प्रदेश महामंत्री सत्यपाल मिश्रा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के उत्थान को समर्पित रहा है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और लोक दल उन्हीं सिद्धांतों पर चलते हुए जनहित की राजनीति कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि आगामी समय में लोक दल शाहजहांपुर जनपद की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही जिला पंचायत समेत अन्य सभी चुनावों में भी पार्टी मजबूती से भाग लेगी और जीत हासिल करेगी। इस अवसर पर रामसनेही शर्मा, गुड्डू दीपू शर्मा, गौरव शर्मा, महबूब, वसीम खान, राजकुमार पासवान, अनुभव मिश्रा, महिपाल सिंह, रियासत सहित लोक दल के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने चौधरी चरण सिंह के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया है।

## योगेश प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नत



**शाहजहांपुर।** बरेली मंडल के आयुक्त द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय शाहजहांपुर में कार्यरत योगेश चंद्र अग्रवाल को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। उनकी पदोन्नति पर कार्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है।

## प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम पर चर्चा

**शाहजहांपुर।** विकास भवन सभागार में सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत प्रशासन गाँव की ओर कार्यक्रम के तहत जनसमस्याओं के समाधान हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई तथा अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। यह पहल शासन को गाँव–गाँव तक पहुँचाने और सुशासन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जनपद रत्न से सम्मानित होंगे तिलहर के शिव मुरारी सहाय आईपीएस

**शाहजहांपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित जनपद रत्न अलंकरण समारोह 25 दिसम्बर को शाम 4 बजे अटल आडिटोरियम बिजलीपुरा में मनाया जाएगा। इस श्रंखला का यह 29वां आयोजन होगा।बता दें है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद से जुड़ी हुई प्रतिभाओं को जनपद रत्न से सम्मानित किया जाता है। उक्त प्रतिष्ठित कार्यक्रम विगत 28 वर्षों से अनवरत सम्पन्न होता रहा है। 1997 से 2024 तक जनपद से जुड़ी विविध क्षेत्रों के प्रतिभाशाली 70 प्रतिभाओं को जनपद रत्न उपाधि से अलंकृत किया जा चुका है। इस बार सम्मान के लिए काफी गहन विचार विमर्श एवं तथ्यों के सत्यापन के उपरान्त तिलहर निवासी राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ शिव मुरारी सहाय आईपीएस का चयन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक विनोद अग्रवाल के अनुसार इस वर्ष वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। 1997 से 2024 तक सम्मानित हो चुके प्रमुख लोगों में चौधरी मो. वसी शिक्षाविद, हृदयेश साहित्यकार, मुरली कब्बाल, राजबहादुर विकल कवि, डा. गिरिजानन्दन त्रिगुणायत आकुल साहित्यकार, डा. जिल्लुर्रहमान खां शिक्षाविद, रमेश भइया समाजसेवा, राजपाल यादव अभिनेता, डा. एनसी मेहरोत्रा इतिहासकार, अच्छू खां हॉकी खिलाड़ी, अग्निवेश शुक्ल कवि, दामोदर स्वरूप विद्रोही कवि, चन्द्र प्रकाश यादव खिलाड़ी, अनिल सिंह चौहान सैनिक राष्ट्र सेवा, राजीव लोचन मेहरोत्रा न्यायमूर्ति हाईकोर्ट, शंकर नाथ कपूर जस्टिस दिल्ली होईकोर्ट, हरिनाथ तिलहरी न्यायमूर्ति हाईकोर्ट राजी सेठ सहित्यकार, महेश्वर दयाल गंगवार पत्रकार डा. महेश सक्सेना रंगकर्मी, अख्तर शाहजहांपुरी साहित्यकार, शमीम आजाद रंगकर्मी, अपूर्वा विश्वकर्मा खिलाडी, जरीफ मलिक आनन्द रंगकर्मी, मोहम्मद कमर चित्रकार, साबिर जलालाबादी साहित्यकार, अशोक कुमार अग्रवाल समाजसेवी,अबीर सूफी वैभव सारस्वत रंगकमी अभिनेता एवं खिलाड़ी आदित्य कुमार सिंह, आकांक्षा शुक्ला खिलाड़ी, मशहूर मंच संचालक डा. सुरेश मिश्रा, जसविन्दर कौर, महिका खन्ना खेललॉन टेनिस, डा.घनश्याम दास अग्रवाल चिकित्सा वैज्ञानिक एवं समीर शुक्ला आईएएस सहित अनेक विभूतियों को जनपद रत्न सम्मान से अलंकृत किया जा चुका है। इस कार्यक्रम में जन्मस्थल या कर्मस्थल के आधार पर जनपद से जुड़ी हुई ऐसी प्रतिभाओं को जनपद रत्न अलंकरण से सम्मानित किया जाता है जिन्होंने शिक्षा, कला, साहित्य, संगीत, खेल, अभिनय, समाजसेवा आदि के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान से जनपद का नाम प्रदेश, राष्ट्र या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया हो। यह कार्यक्रम वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की प्रेरणा से वर्ष 1997 से शुरू हुआ और अभी तक अनवरत प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। उक्त कार्यक्रम में गत वर्षों में नरेन्द्र कुमार सिंह गौड़, कलराज मिश्र, हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, संतोष गंगवार, हुकुम सिंह, केसरीनाथ त्रिपाठी, लालजी टण्डन, डा. नेपाल सिंह, हृदय नरायन दीक्षित, हरवंश कपूर, ओमप्रकाश सिंह, मुख्तार अब्बास नकवी, डा. रमापति राम त्रिपाठी, डा. महेश शर्मा, उमा भारती, स्वतंत्र देव सिंह, सुनील वंसल, एके शर्मा सहित अनेक मंत्री एवं विशिष्टजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हो चुके हैं। गतवर्ष मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल कार्यक्रम में पधार चुकीं हैं। कार्यक्रम की रुपरेखा की जानकारी कार्यक्रम संयोजक विनोद अग्रवाल ने दी।

> 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर होगा कार्यक्रम

## कॉलोनाइजरों की मनमानी के आगे बेबस शाहजहांपुर के अधिकारी

> चकरोड़ के नाम दर्ज जमीन पर भी काट दिए प्लाट, नियमों के विपरीत कर रहे प्लाटिंग

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**



> मौके पर संबंधित राजस्वकर्मी को भेजकर जांच कराई जाएगी, अगर जांच में किसी भी प्रकार की कोई कमी निकलती है तो संबंधित पर विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।
> –चित्रा निर्बाल एसडीएम पुवायां।

मानक के विपरीत खुटार में प्लाटिंग की जा रही हैं। प्लाटर ने चकरोड़ के नाम पर दर्ज जमीन को भी अपनी प्लाटिंग में मिला लिया और धडल्ले से प्लाटिंग कर रहा हैं। योगी सरकार के अधिकारी इन अवैध प्लाटर के आगे बेबस दिखाई दे रहे हैं। हम बात कर रहे है विकास खण्ड खुटार की ग्राम पंचायत गुरघिया में की जा रही प्लाटिंग की। जहां पर प्लाटरां के द्वारा गाटा संख्या 39 के करीब से निकली गाटा संख्या 10 को भी नहीं छोड़ा गया, जोकि चकरोड की भूमि है। जो प्लाट पर मुख्य फ्रंट पर आती है। जिसके चलते उक्त भूमि अत्यधिक वेशकीमती है। जिसको प्लॉटरो के द्वारा अपने प्लाट की भूमि में मिलाकर के प्लाटिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। भोले भाले लोगों को उक्त सरकारी भूमि को अच्छी कीमत लेकर बेच दिया जाएगा। जहां एक और योगी सरकार ने फरमान जारी किया है कि ग्राम समाज व सरकारी भूमि को जल्द से जल्द कब्जा मुक्त किया जाए तो वहीं उक्त प्लाटर सरकार के मंशा को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं व सरकारी भूमि को भोली भाली जनता को बेंच रहे हैं। हालांकि जनपद में कई जगहों पर ऐसा देखा भी गया कि कुछ लोगों ने इस तरह की प्लाटिंग में प्लाट खरीद लिए, जब प्रशासन ने कार्रवाई की तो उनके मकान या प्लाट चले गए। जिसके बाद भोलीभाली जनता ठगी अपने आप को महसूस करने लगी। लेकिन यह प्लाट सरकारी जमीन को बेंचकर उंचे दामों मे बिक्री कर रफूचक्कर हो जाते हैं और भोलीभाली जनता ठग जाती हैं। अब उस जनता का भी क्या कसूर जो सारे मामले से अनजान है। अभी हाल में ही जलालाबाद में अवैध कॉलोनी पर योगी सरकार का बुलडोजर गरजा था सूत्रों के मुताबिक उन कॉलोनी को भी ऐसे ही एक प्लाटर के द्वारा बेचा गया था हालांकि सारे मामले में हल्का लेखपाल की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है जो पहले कार्य को रूकवाते हैं उसके बाद खुद ही निर्णय लेकर काम करने की इजाजत दे देते हैं लेकिन हल्का लेखपाल के द्वारा गाटा संख्या 10 के चकरोड की भूमि स्पष्टीकरण नहीं किया जा सका सिर्फ नक्शे में चक रोड नजर आ रही है मौके पर वास्तविकता कुछ और ही है। भूमि मौके पर गायब है जिले के ईमानदार जिला अधिकारी ऐसे प्लाटरों पर कार्रवाई करवाएंगे, यह प्लाटर की पहुंच के आगे सबकुछ दबकर रह जाएगा, यह तो भविष्य के गर्भ में हैं। फिलहाल अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूतर हैं और चकरोड़ को कब्जा मुक्त कराना चाहिए, यदि प्लाटर ने कब्जा कर रखा तो उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन न्यायालय बहिष्कार का किया ऐलान

> जलालबाद तहसील में बिना पैसे लिए नहीं होता कोई भी जायज काम

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जलालाबाद तहसील में फैले भ्रष्टाचार को लेकर मामला तूल पकड़ गया है। भड़के अधिवक्ताओं ने तहसील की सभी छोटी-बड़ी अदालतों के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। वरिष्ठ परिषद ने बताया कि बिना पैसे लिए कोई भी काम नहीं किया जाता है। यहां तक की फाइलों पर आदेश भी आर्थिक लाभ अर्जित करने की दृष्टि से मनमाने तरीके से किये जा रहे हैं। अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की घोषणा करने के बाद अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया है कि वह अधिकारियों और कर्मचारियों का काला चिट्ठा जिलाधिकारी के पटल पर रखेंगे, आगे बार एसोसिएशन द्वारा जो भी निर्णय लिया जाएगा उसके अनुरूप कार्य किया जाएगा। तहसील के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष बार एसोसिएशन जलालाबाद को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की न्यायालय जलालाबाद में न्यायिक अधिकारी के रूप में नियुक्त उप जिलाधिकारी गैर प्रशिक्षित कानूनी ज्ञान से रहित हैं जिस कारण पीओ महोदय द्वारा अज्ञानता से परिपूर्ण आविधिक एवं विधि विरुद्ध क्षेत्राधिकार से परे अनुचित लाभ अर्जित कर लगातार पक्षपात पूर्ण आदेश पारित किये जा रहे हैं जिसमें अधिवक्ताओं की छवि धूमिल होने के साथ-साथ अधिकारियों को अनावश्यक रूप से अपील/निगरानी प्रस्तुत करने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कहा बार एसोसिएशन न्यायिक अधिकारियों के साथ हर संभव तालमेल बैठाकर कार्य करने हेतु लगातार प्रयासरत है लेकिन न्यायिक अधिकारियों द्वारा इसे अधिवक्ताओं की कमजोरी समझ कर वर्तमान समय में अधिवक्ताओं की लगातार घोर उपेक्षा की जा रही है अधिवक्ताओं को अपने सम्मान हेतु आंदोलन की आवश्यकता है अधिवक्ताओं ने अब तक पारित किए गए आदेशों की समीक्षा कराये जाने तक न्यायालय का बहिष्कार करने की बात कही है अंतिम निर्णय अभी बार एसोसिएशन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता परिषद को लेना है इसके लिए बैठक बुलाई गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता परिषद के विनोद चंद्र शर्मा से पूछने पर उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं की मांग बिल्कुल जायज बताई जा रही है।



# कार्यालय खंड विकास अधिकारी सिधौली, शाहजहांपुर

पत्रांक-सी-2667/लेखा/क्षे.पं./2025-26 — दिनांक- 15.12.2025

## अल्पकालिक निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत सिधौली के अंतर्गत केंद्रीय वित्त (टाईड/अन्टाईड फण्ड) एवं पंचम राज्य वित्त के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को कराए जाने हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद निविदायें दिनांक 30/12/2025 को अपरण 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक ठेकेदार अपनी निविदा विकासखंड पर रखे टेंडर बॉक्स में डाल सकते हैं व पंजीकृत डाक से भी अपनी निविदा उक्त दिनांक व समय तक प्रेषित कर सकते हैं, जो कि दिनांक 31/12/2025 को अपहरण 1:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष (जो उपस्थित होना चाहते हैं) खोली जाएगी। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता जोकि आयकर, वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हों,निविदा प्रकाशित होने के उपरांत किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 29/12/2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक विकासखंड कार्यालय सिधौली से निविदा फार्म शुल्क रुपए 500/ ( पांच सौ ) मात्र जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक व समय के उपरांत प्राप्त होने वाली निविदा स्वतःनिरस्त मानी जाएगी। निविदा से संबंधित नियम व शर्ते विकासखंड पर निविदा प्रकाशन के उपरांत किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**निविदा हेतु कार्यों का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत लाख रू. में | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | कठपुरा में मंदिर पर आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 2. | पसिंगपुर में मंदिर पर आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 3. | रक्शा में बाजार में आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 4. | कोटाबारी में तिराहे पर आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 5. | चडारी में शिवम के मकान से झंकार के मकान तक ई.लॉ. व नाली निर्माण 174 मी. | पंचम राज्य वित्त | 9.98 | 500.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 6. | बरौरा में राम जी के मकान से सुरेश के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण 57 मी. | पंचम राज्य वित्त | 2.98 | 500.00 | 6000.00 | 03 माह |
| 7. | गनपतपुर में गुरुद्वारा से कमलजीत के झाला तक इंटरलॉकिंग निर्माण 198 मी. | पंचम राज्य वित्त | 9.92 | 500.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 8. | लधौला में मेन रोड से वर्मा सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण 150 मी. | पंचम राज्य वित्त | 6.17 | 500.00 | 12300.00 | 03 माह |
| 9. | पनवाड़ी में मंदिर से बड़कू की दुकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण 174 मी. | पंचम राज्य वित्त | 9.98 | 500.00 | 19900.00 | 03 माह |
| 10. | बरौरा में रामनिवास के मकान से बालिस्टर के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण 85 मी. | पंचम राज्य वित्त | 4.47 | 500.00 | 9000.00 | 03 माह |
| 11. | ईटरोड़ा में मेन खड़ंजा से महेश के मकान तक इंटरलॉकिंग 46 मी. | पंचम राज्य वित्त | 2.91 | 500.00 | 4900.00 | 03 माह |
| 12. | मु.पमार में शिवनारायण के घर से बिलईया वाली के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण 165 मी. | पंचम राज्य वित्त | 9.13 | 500.00 | 18300.00 | 03 माह |
| 13. | गरवापुर में फलचंद के घर से इदरीश के मकान तक इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण 158 मी. | पंचम राज्य वित्त | 8.09 | 500.00 | 16200.00 | 03 माह |
| 14. | बिचुईया में उमेश के मकान से धनी राम के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण 155 मी. | पंचम राज्य वित्त | 7.55 | 500.00 | 15100.00 | 03 माह |
| 15. | सरैया में मंदिर के पास अवशेष खड़ंजा व निर्माण 300 मी. | पंचम राज्य वित्त | 5.96 | 500.00 | 12000.00 | 03 माह |
| 16. | कठपुर में श्रीकृष्ण के मकान से संतोष के मकान तक इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण 110 मी. | पंचम राज्य वित्त | 7.76 | 500.00 | 15500.00 | 03 माह |
| 17. | मियापुर में मेन रोड से महेंद्र के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण 150 मी. | पंचम राज्य वित्त | 8.00 | 500.00 | 16000.00 | 03 माह |
| 18. | लधौला में रोड से पायल के मकान तक इंटरलॉकिंग 175 मी. | पंचम राज्य वित्त | 9.75 | 500.00 | 19500.00 | 03 माह |
| 19. | मु.पमार में तिराहे से गिरजेश के मकान तक इं.किं. 124 मी. | पंचम राज्य वित्त | 6.87 | 500.00 | 17400.00 | 03 माह |
| 20. | लधौला में अरुण कुमार के मकान से प्राथमिक विद्यालय तक इंटरलॉकिंग 150 मी. | पंचम राज्य वित्त | 8.61 | 590.00 | 17200.00 | 03 माह |
| 21. | लधौला में रामू के मकान से नहर तक इंटरलॉकिंग 168 मीटर | पंचम राज्य वित्त | 8.69 | 500.00 | 17800.00 | 03 माह |
| 22. | भयपुर में मेन रोड के पास खड़ंजा निर्माण 78 मीटर | पंचम राज्य वित्त | 1.59 | 500.00 | 3800.99 | 03 माह |
| 23. | मियापुर में गजेंद्र के मकान से राकेश के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण 35 मी. | पंचम राज्य वित्त | 2.02 | 500.00 | 4000.00 | 03 माह |
| 24. | पनवाड़ी में राम प्रताप के मकान के पास इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण 15 मी. | पंचम राज्य वित्त | 0.60 | 500.00 | 1200.00 | 03 माह |
| 25. | गरवापुर में खाद्यान्न गोदाम के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 26. | दुल्हापुर में वीरेश के घर के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 27. | पनवाड़ी में मंदिर के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 28. | करनैयापुर में सबील हसन के मकान के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 29. | शेखूपुर में मंदिर के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 30. | ब्यौर में पुलिया के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 31. | ईटरोड़ा में चौराहे के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 32. | अनावा में चौराहे के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 33. | बबौरी में चौराहे के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 34. | दुल्हापुर में चौराहे के पास आरओ स्थापना | (के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 35. | खिरिया रसूलपुर में प्रमोद के घर के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 36. | लधौला में झारेंद्र के मकान से राजीव के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण 50 मी. | के.वि.(अन्टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 37. | करनैयापुर में सबील हसन के मकान के पास इंटरलॉकिंग 60 मी. | के.वि.(अन्टाइड) | 3.41 | 500.00 | 6800.00 | 03 माह |
| 38. | कटिया बुजुर्ग में डामर रोड से मंदिर की ओर अवशेष इंटरलॉकिंग निर्माण 140 मी. | के.वि.(अन्टाइड) | 6.71 | 500.00 | 13400.00 | 03 माह |
| 39. | मियापुर में मेन रोड से बांकेलाल के मकान तक इंटरलॉकिंग 100 मीटर | के.वि.(अन्टाइड) | 4.85 | 500.00 | 8700.00 | 03 माह |
| 40. | दिलावरपुर में प्राथमिक विद्यालय से सोमेंद्र के ट्यूबवेल तक खड़ंजा निर्माण 460 मीटर | के.वि.(अन्टाइड) | 9.99 | 500.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 41. | रखिया बुजुर्ग में राजेश के मकान से मंदिर तक इंटरलॉकिंग निर्माण 50 मीटर | के.वि.(अन्टाइड) | 2.89 | 500.00 | 5700.00 | 03 माह |
| 42. | लधौला में वर्मा सिंह के मकान से आफताब के मकान तक इंटरलॉकिंग 150 मी. | के.वि.(अन्टाइड) | 8.15 | 500.00 | 16300.00 | 03 माह |
| 43. | आदमपुर में धनपाल के मकान से रामपाल के मकान तक इंटरलॉकिंग 85 मी. | के.वि.(अन्टाइड) | 4.97 | 500.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 44. | पीएम श्री विद्यालय कटिया बुजुर्ग में आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 45. | पीएम श्री विद्यालय रक्शा में आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 46. | मुडिला मोड पर आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 47. | चंदपई में सुभाष के घर के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 48. | महमूदापुर में सुरेश के मकान के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 49. | बरौरा में चौराहे पर आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 50. | रखिया बुजुर्ग में में तिराहे पर आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 51. | चडारी में सूरजपाल के घर के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 52. | बाजपुर में चौराहे पर आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 53. | ईडन पब्लिक स्कूल में आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 54. | सिंधौली में थाना गेट पर आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 55. | लधौला में गायत्री शिशु मंदिर के पास आरओ स्थापना | के.वि.(टाइड) | 2.26 | 500.00 | 4600.00 | 03 माह |
| 56. | शहजादपुर में मेन रोड से नकराज के मकान तक इंटरलॉकिंग 52 मी. | (पंचम राज्य वित्त) | 2.55 | 500.00 | 5100.00 | 03 माह |
| 57. | मिश्रीपुर में अतुल के मकान से उदयराज के झाला तक इंटरलॉकिंग 65 मी. | (पंचम राज्य वित्त) | 2.46 | 500.00 | 6900.00 | 03 माह |
| 58. | मुड़िला पमार में अरविंद राठौर के घर से गंगाराम के घर तक इंटरलॉकिंग 90 मी. | (पंचम राज्य वित्त) | 5.07 | 500.00 | 10200.00 | 03 माह |

**मुख्य नियमों शर्ते:-**

1. एक प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि को एफडीआर/एनएससी के रूप में जो कि खंड विकास अधिकारी सिंधौली, शाहजहांपुर के पक्ष में बंधक हो, को संकलन किया जाना अनिवार्य है।
2. जमानत धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगी, जो कि निविदा स्वीकृति के उपरांत धरोहर धनराशि 2% को समायोजित करते हुए शेष 8% को एफडीआर/एनएससी के रूप में खंड विकास अधिकारी सिंधौली के पक्ष में बंधक कराकर जमा करना होगा।
3. धरोहर धनराशि एवं जमानत धनराशि को नकद व चेक के रूप में कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रेषित की जाने वाली निविदा ही स्वीकृति की जाएगी।
5. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त किए जाने का अधिकार पंचायत सिंधौली को होगा।
6. उपरोक्तानुसार निविदत्त कार्य उपलब्ध धनराशि के अनुसार ही कराए जाएंगे।
7. प्रकाशित निविदा के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य को स्वीकृत निविदादाता द्वारा पूर्ण करना होगा। निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य आरंभ/पूर्ण न कराए जाने पर संबंधित निविदादाता को अपनी स्वीकृत निविदा का नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा।

**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत, सिंधौली**

**खंड विकास अधिकारी**
**सिंधौली, शाहजहांपुर**

## खबरें एक नजर में

### बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग चार बकरियां जिंदा जली



भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। बीती रात कस्बे के ग्राम बिरखेरा में बिजली के शार्ट सर्किट से भड़की आग की चपेट में आकर चार बकरियां जिंदा जल गई और तीन मवेशी झुलस गए। साथ ही घर में रखी 20 हजार की नगदी सहित अनाज कपड़े आदि गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। बीती रात 9.30 बजे बिरखेरा निवासी बालेंद्र पाल के रिहायशी मकान में बिजली के शार्ट सर्किट से आग भड़क उठी। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर मकान के अंदर बंधी चार बकरियां जिंदा जल गई और तीन अन्य मवेशी बुरी तरह से झुलस गए। इसके अलावा घर में रखे 20 हजार नगदी, अनाज कपड़े आदि जलकर खाक हो गए। आग से ग्रह स्वामी का एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना पाकर फायर दस्ता गांव पहुंचा और रात एक बजे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक सब कुछ स्वाहा हो गया था। आग लगने की सूचना ग्राम प्रधान अशोक कुमार यादव ने लेखपाल को देकर नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। आग लगने की सूचना पाकर रात में थाने से पुलिस बल भी पहुंचा और आग बुझाने में फायर दस्ते की मदद की।

### रेलवे स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था कराने की उठी माँग




कुलपहाड़/महोबा। आदर्श रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ में फुट ओवरब्रिज का निर्माण तो क्या दिया गया लेकिन रोशनी की समुचित व्यवस्था न होने से यात्री अंधेरे में ही पुल पार कर प्लेटफार्म को बदलने को मजबूर हो रहे हैं,जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। बताया जाता है कि झांसी रेलवे मंडल के अंतर्गत झांसी मानिकपुर रेल खंड में आदर्श रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ के फुट ओवर ब्रिज पर विद्युत प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर एक से प्लेटफार्म नंबर दो पर रात्रि में अंधेरे में आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । नगर के समाजसेवी राकेश अरजरिया भूपेंद्र सिंह चंदेल एडवोकेट दिनेश चंदेल एडवोकेट काशी प्रसाद अहिरवार सहित क्षेत्रीय नागरिकों ने मंडल रेल प्रबंधक झांसी से जनहित में कुलपहाड़ रेलवे स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज पर विद्युत फिटिंग की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है ताकि यात्रियों को रात्रि में प्लेटफार्म एक से दो तथा दो से एक पर आने जाने में परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

# डंपर ने बाइक में टक्कर मार महिला को कुचला, मौत

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थानाक्षेत्र के इंगोहटा गांव के पास अरतरा मोड़ पर बाइक सवारों को डंपर ने टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घायलों का एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां एक की हालत नाजुक होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। चालक हेलमेट नहीं लगाए हुए था। बिवांर थानाक्षेत्र के धनपुरा गांव निवासी चंद्रपाल वर्मा (40) अपनी भाभी किशोरी देवी (60) व भैया महावीर (62) हाल मुकाम कुरारा को बाइक से लेकर मौदहा कोतवाली क्षेत्र के अरतरा गांव अपने बहनोई संतोष कुमार के बड़े



भाई रामअवतार की तेरहवीं में शामिल होने गया था। बुधवार को सुबह करीब 11:30 बजे जब यह वहां से वापस आ रहे थे। तभी हाईवे पर अरतरा मोड़ के पास ही कानपुर की ओर जा तेज रफ्तार डंपर ने इन्हें टक्कर मार दी। जिससे तीनों सड़क पर गिर गए और डंपर महिला को कुचलता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई,जबकि महावीर व चंद्रपाल घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से महावीर को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।डंपर को पकड़ कर फैक्टरी एरिया चौकी में खड़ा कराया गया है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। मंगलवार को देवगांव मार्ग में ई रिक्शा से टकराकर गंभीर हुए मौसेरे भाइयों में से एक की रात में कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था और पिता के साथ खेती किसानी में हाथ बंटाकर सहयोग करता था। मुख्यालय के मेरापुर का निवासी चंदन पाल अपनी मौसी के पास देवगांव आया था। मंगलवार को करीब 3 बजे यह अपने मौसेरे भाई अंकित पाल के साथ बाइक से सुमेरपुर आ रहा था। देवगांव से करीब एक किलोमीटर सुमेरपुर की तरफ आते समय बाइक सुमेरपुर से देवगांव जा रहे ई रिक्शा से टकरा गई थी। इस घटना में दोनों मौसेरे भाई गंभीर रूप से घायल हुए थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भेजा था। हालत गंभीर होने पर दोनों को कानपुर रेफर कर दिया गया था। कानपुर में इलाज के दौरान रात में चंदन पाल 26 वर्ष की मौत हो गई। वहीं अंकित पाल की हालत गंभीर बनी हुई है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे छोटा और अविवाहित था। वह पिता के साथ खेती किसानी के अलावा दुग्ध व्यवसाय में हाथ बंटाकर सहयोग करता था।



### बाइक सवार युवकों को कार ने मारी टक्कर घायल



भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। बुधवार को सुबह करीब 8:00 बजे हाईवे में गल्ला मंडी के आगे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवको को जोरदार टक्कर मार दिया और भाग निकला। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक हाईवे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया। कस्बा निवासी धर्मेंद्र कुमार 25 वर्ष अपने साथी जितेंद्र कुमार 35 वर्ष निवासी बिलौटा कुरारा के साथ बाइक से हमीरपुर जा रहे थे। कस्बे से निकलते ही हाईवे में गल्ला मंडी के आगे हमीरपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार कर दी और मौके से भाग निकला। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक हाईवे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। राहगीरों की सूचना पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

# पं. मदनमोहन मालवीय एवं अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती मनाई गयी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में पं. मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयन्ती मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ दोनो महापुरुषो के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य रमेश शुक्ल ने बोलते हुए कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी (25 दिसम्बर 2024-16 अगस्त 2018) एक भारतीय कवि, लेखक और राजनेता थे। जिन्होने भारत के प्रधानमंत्री के रुप मे कार्य किया। पहली बार 1996 मे 13 दिनों की अवधि के लिए फिर 1998 से 1999 तक 13 महिनो की अवधि के लिए उसके बाद 1999 से 2004 तक पूर्ण कार्यकाल के रुप मे प्रधानमंत्री रहे। तत्पश्चात उन्होने मदनमोहन मालवीय



के बारे मे प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होने ''सत्यमेव जयते'' को राष्ट्रीय आदर्श वाक्य बनाने के लिए और उन्होन भारतीय को सशक्त बनाने, राष्ट्रीय एकता को बढावा देने और हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य कमलकान्त मिश्र ने बोलते हुए कहा कि पं. मदनमोहन मालवीय एवं अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती हर साल 25 दिसम्बर को मनाई जाती है। पं. मदनमोहन मालवीय का जन्म 1861 मे इलाहाबाद मे हुआ था। वह एक महान शिक्षाविद् स्वतंत्रता सेनानी और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक थे। जिन्हे ''महामना'' की उपाधि से जाना जाता है। और सन् 2014 मे उन्हे भारतरत्न से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रमुख अरिमर्दन सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्त ने दी।

# टोडरपुर गांव में चौपाल का किया गया आयोजन

**किसानों ने सड़क, नाली, खड़ंजा एवं रोड की मांग की**

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड क्षेत्र के टोडरपुर गांव में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

सुशासन सप्ताह के तहत टोडरपुर गांव के पंचायत भवन में चौपाल लगाकर लोगो की समस्या सुनी। गांव निवासी रामस्वरूप अहिरवार वृद्धा पेंशन की मांग की। राजू प्रजापति ने भगवान दास प्रजापति के दरवाजे से अस्पताल तक नाला निर्माण की मांग की। कल्लू भगत ने मेन रोड से प्राथमिक विद्यालय तक सीसी रोड निर्माण की मांग की। संतु मिस्त्री ने रामस्वरूप के दरवाजे से शरमन के दरवाजे तक सी सी रोड निर्माण की मांग की। कप्तान सिंह ने शिवपाल के दरवाजे लगे हैंडपंप को ठीक कराए जाने की शिकायत दर्ज कराई। इस अवसर पर सचिव निशा निषाद, प्रधान प्रतिनिधिकृष्ण कुमार, आंगनवाड़ी देवकुमारी, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में दीपू चन्द्र दास की हत्या से हिन्दू संगठनों में आक्रोश

**विश्व हिन्दू परिषद ने प्रदर्शन कर की हत्या के मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग, शहर के आल्हा चौक में जलाया बांग्लादेश का पुतला**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




विश्व हिन्दू परिषद के बैनर तले इकट्ठा हुए सैकड़ों लोगों ने विगत 18 दिसम्बर को बांग्लादेश में हुई दीपू चंद्र दास नामक हिंदू युवक की निर्मम हत्या के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला और शहर के आल्हा चौक में बांग्लादेश का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा,सहित मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। बताते चलें कि बांग्लादेश में विगत 18 दिसंबर को हिंदू अल्पसंख्यक युवक दीपू चंद्र दास की कट्टरपंथियों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थी जिसके बाद से बांग्लादेश के खिलाफ देश के अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। प्रदर्शनकारियों द्वारा भारत सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा सहित बांग्लादेश के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। आज हिंदू संगठन विश्व हिन्दू परिषद के बैनर तले इकट्ठा हुए सैकड़ो लोगों ने महोबा शहर के नरसिंह कुटी मंदिर परिसर से आल्हा चौक तक निकाले गए पैदल मार्च के दौरान जोरदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगा रोष जताया है। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाई और दीपू चन्द्र दास नामक युवक की हत्या के मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारी लोगों ने पैदल मार्च के दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए रोष जताया और शहर के आल्हा चौक पहुंचकर बांग्लादेश का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र की भाजपा सरकार से मामले में हस्तक्षेप कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से लोगों ने पीड़ित के प्रति संवेदना व्यक्त की और धार्मिक हिंसा के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है दीपू चंद्र दास को भीड़ ने बेरहमी से पीटा, उसके शव को पेड़ से लटकाया और बाद में आग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। प्रदर्शन के दौरान महंत देवीचरण दास,मनोज शिवहरे,मयंक तिवारी, विपिन भदौरिया, रवि सोनी सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विहिप ने बंग्लादेशी पीएम का फूंका पुतला

**विहिप कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार एवं दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रामदत्त पांडे ने बांग्लादेश में हिंदू धर्म हिंदू सनातन एवं हिंदुओं के मकान दुकान संस्थान पूजा स्थल एवं मंदिरों को नष्ट करने का कुकर्म किया जा रहा है जो अत्यंत चिंता जनक है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील पाठक ने कहा कि जिस भारत देश ने बांग्ला मुक्ति वाहिनी के साथ मिलकर पाकिस्तान से युद्ध कर हजारों सैनिकों का खून बहाकर बांग्लादेश को आजाद



कराया आज वही बांग्लादेश हिंदुओं के खून का प्यासा हो गया है जिला मंत्री अवधेश शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण प्रमुख उमेश दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अब सामान्य हिंदू नहीं कट्टर हिंदू बनने की आवश्यकता है कार्यक्रम में सह जिला मंत्री अजय हिगवासिया एवं सरस्वती शरण द्विवेदी ने जात पात उच्च नीच का भेद बुलाकर सभी हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भुवनेश शुक्ला, सुशील सोनी, सुनील त्रिपाठी, कौशलेंद्र सहित दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति सहित सचिन शर्मा बजरंग दल प्रमुख सहित सभी हिंदूवादी विचारधारा के लोगों ने मिलकर बस स्टैंड में बांग्लादेश की यूनिस सरकार का पुतला दहन किया जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने सदन के माध्यम से की चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग

**ज़िला अस्पताल में हृदय रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशियन की नियुक्ति कराने की उठाई मांग**

**महोबा।** विधान परिषद शीतकालीन सत्र के अंतिम दिवस पर सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा नियम 110 के अंतर्गत आवाज उठाई कि चित्रकूट, महोबा एवं हमीरपुर ज़िला चिकित्सालय में हृदय रोग, बाल विशेषज्ञ एवं हड्डी स्पेशलिस्ट, फिजिशियन/सर्जन की उपलब्धता न होने की वजह से मरीजों को बाहर रिफर किया जा रहा है, जिससे आम जनमानस को मज़बूरी में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनहित में ज़िला अस्पतालों में हड्डी रोग, बाल रोग, हृदय रोग एवं फिजिशीयन/सर्जन की नियुक्ति करने की माँग उठाई। महोबा जिले के खरेला क़स्बा में मुख्य मार्ग से पुलिस थाना के बगल से मंगली बाजार तक लगभग 1 किलोमीटर सीसी सड़क के निर्माण की मांग सदन में रखी गई।

# एन्टी करप्शन टीम ने दस हजार रुपये की रिश्वत लेते अमीन को पकड़ा

**शासन से मिलने वाली दुर्घटना राहत राशि के लिए रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में योगी सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का असर एक बार देखने को मिला है। लम्बे समय के बाद एंटी करप्शन टीम ने अमीन को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ने में सफलता पाई है। किसान दुर्घटना बीमा के तहत शासन से मिलने वाली राहत राशि के लिए रिपोर्ट लगाने के नाम पर अमीन द्वारा दस हजार रुपये की डिमांड की गई। जिसके बाद पीड़ित की शिकायत पर




सक्रिय हुई एंटी करप्शन की टीम ने रिपोर्ट लगाने के नाम पर दस हजार रुपये की रिश्वत लेते अमीन संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू को पकड़ने में सफलता हासिल की है। फिलहाल एंटी करप्शन टीम ने आरोपी अमीन को पकड़कर उसके हाथ धुलवाए और पीड़ित द्वारा दिए हुए दस हजार रुपये बरामद कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बताते चलें कि वर्ष 2019 में कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नगारा घाट निवासी सुरेंद्र महाराज की पत्नी की ट्रैक्टर से हुए सड़क हादसे की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद पीड़ित सुरेन्द्र द्वारा शासन से मिलने वाली आर्थिक मदद के लिए आवेदन किया गया था। आरोप है कि क्लेम की फाइल अमीन के पास पहुंचने के बाद कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र में तैनात और अमीन संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू द्वारा रिपोर्ट लगाने के नाम पर पीड़ित सुरेंद्र महाराज से रु.15000 की डिमांड की गई। मोल भाव करने के बाद रु.10000 में बात फाइनल हुई। जिसके बाद अमीन की डिमांड से परेशान सुरेंद्र महाराज ने एंटी करप्शन टीम से मामले की शिकायत दर्ज कराई। मामला संज्ञान में आने के बाद सक्रिय हुई एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाकर पीड़ित सुरेन्द्र को क्लेम की रिपोर्ट लगाने के नाम पर अमीन द्वारा मांगे गए दस हजार रुपये देने के लिए पनवाड़ी क़स्बा स्थित उसके कमरे में पहुंचाया और जैसे ही पीड़ित ने रिपोर्ट लगाने के नाम पर मांगी गई रु.10000 की रकम अमीन संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू को दी तभी एंटी करप्शन टीम ने उसे रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम द्वारा आरोपी अमीन को पकड़कर शहर कोतवाली लाया गया जहां उसके हाथ धुलवाए गए और पीड़ित के दिए हुए दस हजार रुपये बरामद कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### सास-ससुर सहित पांच पर दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज

**अजनर/महोबा।** थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सगुनिया मे मंगलवार शाम घरेलु विवाद के चलते नवविवाहिता करिश्मा ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक करिश्मा के माता पिता ससुरालीजनों पर विवाहिता की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगा रहे थे। बताते चलें कि ग्राम बछेछर (बुढी) निवासी बृजपाल ने अपनी बेटी करिश्मा की शादी विगत 06/09/2024 को ग्राम सगुनिया निवासी बिश्वनाथ के बेटे से की थी शादी के कुछ दिन बाद करिश्मा अपने पति अनिल के साथ सास ससुर से अलग रहने लगी थी। बताया जाता है कि मंगलवार दोपहर पति सिंचाई करने के लिए खेतों में चला गया था शाम को वापस लौटा तो करिश्मा को छत के पंखे के कुन्दे से लटका पाया। मृतका के पति की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। मृतका के पिता बृजपाल ने थाना अजनर में बेटी की हत्या कर शव फाँसी से लटकाने का आरोप लगाते हुए ससुर बिश्वनाथ,सास उर्मिला पति अनिल,देवर पुष्पेन्द्र,चचेरे देवर कपिल के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अजनर सुभाष चन्द्र का कहना है कि पिता की तहरीर के आधार पर पति अनिल ,ससुर बिश्वनाथ,सास उर्मिला,देवर पुष्पेन्द्र,चचेरे देवर कपिल के खिलाफ धारा 85 स्ष्ट(2)ब्न्नहस 3/4 डी पी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# रास सांसद ने किया सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आगाज

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन निम्न आयु वर्ग में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक/बालिका, पुरुष/महिला वर्ग में आयोजित संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत विधान सभा महोबा, विधान सभा चरखारी, विधान सभा हमीरपुर विधान सभा राठ, विधान सभा तिन्दवारी के राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन माल्यार्पण किया गया एवं सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर के बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती बन्दना प्रस्तुत किया गया, राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद अपने उदबोधन में खिलाडियों को फिट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथिगण मोहन लाल कुशवाहा भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष, गजल भारद्वाज जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह एवं बलराम कुमार मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पाण्डेय, अरूण कुमार सिह सीओ महोबा,



समाजसेवी शिव कुमार गोस्वामी, राम जी गुप्ता, वियोगी शासवत, मनु गुप्ता, राहुल आग्रवाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी जिला क्रीडाधिकारी एवं उपस्थिति समस्त टीम प्रशिक्षक उपस्थित रहे। पहले दिन की प्रतियोगिताओं में सब जूनियर वर्ग बालिका वर्ग-विधान सभा चरखारी ने विधान सभा हमीरपुर 25-4 अंको से पराजित करते हुये खिताब अपने नाम किया। जूनियर वर्ग बालिका वर्ग-विधान सभा चरखारी ने विधान सभा महोबा को 10-05 अंको से पराजित करते हुये खिताब अपने नाम किया । सीनियर बालिका वर्ग में एक बार पुनः चरखारी ने विधान सभा महोबा को 30-07 अंको महोबा को परजित करते हेतु सांसद खेल स्पार्धा का खिताब अपने नाम किया।

# गोरखगिरी परिसर में पेंटिंग फेस्टिवल का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गोरखगिरी पर्वत के प्रांगण में पेंटिंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर कहा कि इस तरह के आयोजन आगे भी होते रहेंगे यह एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है यहां बाहर से भी पर्यटक आते हैं जिनके द्वारा गन्दगी न फैलाएं जाने और स्वच्छता का सन्देश देना है हम सभी को भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करना होगा। जिला अधिकारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता में स्टोन पेंटिंग में 11 तथा कलर पेंटिंग में 65 जनपद के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इससे बच्चों को



प्रोत्साहन करना है यह एक सुन्दर धार्मिक स्थान है हमें जनपद को सुन्दर बनाना है इस स्थान की पुरानी मान्यता है लोग काफी आते रहते हैं उन्हें चाहिए की यहां गन्दगी न फैलाएं स्वच्छता बनाए रखने अपनी जिम्मेदारी निभाये जिला को सुन्दर बनाना है,उन्होंने स्टोन पेंटिंग और कलर पेंटिंग का मुआयना कर कलाकार छात्र-छात्राओं द्वारा जनपद के विभिन्न पर्यटन स्थलों को कागज पर उकेर। जिलाधिकारी ने उनकी हौसला बढ़ाते हुए तारीफ की है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेम यादव, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ चित्रगुप्त, नोडल अधिकारी मजहर खान एवं निर्णायक मण्डल में शिक्षक कामेश्वर, रूपेश कुमार सहित काफी संख्या में महिला शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।

# सुशासन दिवस दे रूप में मना पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन समारोह पाइका मैदान में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया इस मौके पर लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ देते हुए जहां उन्हें स्वीकृत पत्र सौंपे गए वहीं 50 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया गया।

इस मौके पर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का जीवन राष्ट्रसेवा और सुशासन का प्रतीक रहा है। उन्होंने अटल जी के प्रसिद्ध कथन– हम जिएंगे तो भारत के लिए और मरेंगे भी तो भारत के लिए– को याद करते हुए कहा कि आज भाजपा उन्हीं आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। पूर्व सांसद अयोध्या लल्लू सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य रहा हम कई बार स्व बाजपेयी के साथ काम करने का मौका मिला वह एक ऐसे सर्बमान्य नेता रहे कि विपक्ष हो सत्ता पक्ष रहा हो उनका सम्मान बराबर रहा आज पार्टी उन्ही के सपनो को साकार कर रही है और विकास की ओर अग्रसर है।

### 20 करोड़ की लागत से 50 विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास

समारोह का शुभारंभ वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के लगभग 1700 लाभार्थियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही लोक निर्माण विभाग और नगर पंचायत द्वारा करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से 50 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इनमें नगर पंचायत के 25 तथा लोक निर्माण विभाग के 25 कार्य शामिल रहे। सुशासन दिवस के मौके पर राजस्व विभाग द्वारा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 25 मृतक आश्रितों को सवा करोड़ रुपये के चेक प्रदान किए गए। समाज कल्याण विभाग ने 100 लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति पत्र दिए। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत 100 महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना का लाभ मिला। कृषि विभाग द्वारा 100 किसानों को सोलर पंप, फसल बीमा एवं किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 200 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल व सहायक उपकरण वितरित किए गए। मत्स्य विभाग द्वारा 55 लाभार्थियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई। उद्यान विभाग ने 25 लोगों को बीज वितरित किए। ग्रामोद्योग विभाग ने विश्वकर्मा योजना के तहत 55 लाभार्थियों को यंत्र दिए, जबकि खादी ग्रामोद्योग द्वारा 10 लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। बेसिक शिक्षा विभाग ने 150 छात्र-छात्राओं को शैक्षिक उपकरण वितरित किए। पूर्ति विभाग द्वारा 200 लोगों को राशन कार्ड और चिकित्सा विभाग द्वारा 100 लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। ग्राम विकास विभाग ने 100 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र और चाबियां सौंपीं।

समारोह को जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा पूर्व अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, देवानंद पांडेय, रत्नेश सिंह मिंटू, रामदेव सिंह, पवन सिंह रिंकू, रूपेश प्रताप सिंह लकी, नगर चैयरमैन जगदीश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। आयोजन को सफल बनाने में एसडीएम अनुराग सिंह, सीओ जटाशंकर मिश्र, अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी, तहसीलदार एस.एन. उपाध्याय और खंड विकास अधिकारी विनय मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सुरक्षा व्यवस्था कोतवाल अंकित त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस बल ने संभाली।

## अंतर्जनपदीय तीन चोर गिरफ्तार

**चोरियों के खुलासे के लिए सम्मानित हुए पुलिस कर्मी**

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक द्वारा गैस कटर से एटीएम में चोरी की घटना का अनावरण कर 3 अन्तर्जनपदीय चोरों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु 3 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि दिनांक 22-12-2025 को थाना जैदपुर पुलिस द्वारा गैस कटर से एटीएम में चोरी की तीन घटनाओं का सफल अनावरण कर 3 अन्तर्जनपदीय चोरों की गिरफ्तारी व कब्जे से सामान की बरामदगी की गई।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा उक्त सराहनीय कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले थाना जैदपुर पर नियुक्त उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल मिन्टू सिंह व कांस्टेबल सुजीत कुमार को प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### मंदिर की स्लेप का हुआ विधवत पूजन



**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।** बिसवां नगर में बाबा मंशाराम मंदिर के निकट निर्माणाधीन भव्य परशुराम मंदिर के लिए छत की स्लेप का विधिवत पूजन कार्यक्रम श्रद्धा व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अखाड़ा परिषद पीठाधीश्वर महंत संतोष दास खाकी महाराज, पहला आश्रम के महंत नारायण दास, स्वामी विमलानंद सरस्वती महाराज एवं महंत प्रीतमदास की गरिमामयी उपस्थिति में विधिविधान से पूजन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभी संत–महात्माओं ने भव्य परशुराम मंदिर के निर्माण हेतु समस्त सनातन समाज से तन–मन–धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के उपरांत समरसता भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सनातन भाई–बंधुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालु, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, हजारों का सामान जलकर राख

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक क्षेत्र के कुशमहुरा गांव में बीती रात एक घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई।यह घटना कुशमहुरा गांव निवासी महादेव नई पुत्र स्वर्गीय राम बहादुर के घर पर हुई। आग लगने से घर में रखा लगभग 50 से 60 हजार रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। रात होने और मौके पर बिजली न होने के कारण आग ज्यादा नहीं फैल पाई, जिससे भारी नुकसान टल गया। पीड़ित महादेव नई ने बताया कि यदि समय पर आग पर काबू न पाया जाता तो और अधिक क्षति हो सकती थी। इस मामले पर क्षेत्रीय लेखपाल राजन भारती से फोन पर बात की गई। उन्होंने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आ गया है। सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि पीड़ित को उपलब्ध कराई जाएगी और हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।

### देर रात शौच को निकले ब्राह्मण नवयुवक की नृशंस हत्या

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना कोतवाली अंतर्गत पिंडारा ठाकुर गांव में मंगलवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना प्रकाश में आई है, जहां शौच के लिए घर से बाहर निकले युवक की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी है। मृतक की पहचान रतनेश मिश्रा उम्र 20 वर्ष पुत्र संतोष मिश्रा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रतनेश देर रात शौच के लिए बाहर गया था, तभी पहले से घात लगाए अज्ञात हमलावरों ने उस पर अचानक धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में रतनेश गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ा। चीख–पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटा रही है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हैं।

### मिशन शक्ति फेज-05 के तहत टॉक शो विद आयडियल्स कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में चलाये जा रहें अभियान ''मिशन शक्ति फेज 5.0'' के तहत विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा टॉक शो विद आडियल्स कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सविता सिंह, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 द्वारा बालिकाओं के साथ चर्चा कर उनको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही अपने अनुभवों को बालिकाओं के साथ साझा किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा बालिकाओं को अपने अनुभवो के साथ साथ अपने विभाग की योजना मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना की जानकारी प्रदान की जिसके अंतर्गत अभ्युदय पोर्टल सिविल सेवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिये एक नि:शुल्क माध्यम है। जिसके अन्तर्गत गरीब बच्चों को मुफ्त में यू0पी0एस0सी, सी0डी0एस0 और नीट समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराया जाता है। जिला जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के द्वारा महिला कल्याण विभाग के समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी इसके साथ ही समस्त हेल्पलाइन नंबरों 1098, 181, 1930, 102, 108, 1076, 112, 1090, 101 और शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दी।

### पंचायत की मतदाता सूची से नाम हटाने का बीडीसी सदस्य ने लगाया आरोप



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** अलीनगर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम कुमार श्रीवास्तव ने उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर से शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पंचायत चुनाव की मतदाता सूची से उनका नाम हटा दिया गया है। श्रीवास्तव ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।असीम कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वह अलीनगर के निवासी हैं। पहले उनका नाम अलीनगर के वार्ड संख्या एक की मतदाता सूची में शामिल था। वह हजरतपुर प्रथम से क्षेत्र पंचायत सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रकाशित हुई वोटर लिस्ट में उनका नाम काट दिया गया है।श्रीवास्तव ने उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर को प्रार्थना पत्र देकर अपने नाम हटाए जाने के कारण की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने बीएलओ से संपर्क किया था। बीएलओ द्वारा दी गई विलोपन सूची में भी उनका नाम शामिल नहीं था।इस संबंध में सिरौली गौसपुर के तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच करवाई जाएगी। तहसीलदार ने यह भी बताया कि जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं हैं, वे दावा–आपत्ति प्रक्रिया के माध्यम से अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

## विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा थाना क्षेत्र के बड़ी मेहन्दिया गाँव निवासी विवाहिता ने नेवी में कार्यरत पति सहित ससुरालियों पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने एसपी बाराबंकी के आदेश पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव निवासी नीतू यादव पुत्री दया शंकर यादव ने बताया कि उसके पिता ने उसका विवाह 7 जून 2023 को हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक गोविंद पुत्र हौसिला निवासी ग्राम शेखन गाँव थाना इन्हौना जिला अमेठी व मकान न0 356 डी2 साउथ एक्स मस्जिद मोड़ लीला मार्केट नई दिल्ली के साथ किया था। किन्तु विवाह के बाद से ही कम दहेज लाने का ताना देते हुए हांडा सिटी कार की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा। इसी वर्ष 17 फरवरी को सभी ससुराली जनों द्वारा मिलकर दहेज की मांग को लेकर मारा पीटा गया और उसके पति गर्भावस्था की अवस्था में उसे दिल्ली से लखनऊ छोड़ने आए जहां माता-पिता द्वारा समझाने की कोशिश किए जाने पर उसे फिर से गंदी गंदी गालियां दी और मारा पीटा माता पिता एवं गांव वालों द्वारा बीच बराव कराया गया इसके बाद उसका पति बिना दहेज के ससुराल ना आने की चेतावनी देते हुए वापस चला गया। पिता ने बताया कि गज 16 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को प्रार्थना पत्र दिए जाने पर जांच एवं मध्यस्थता कराई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भी प्रार्थना पत्र दिया गया जहां आए पति ने उसे साथ ले जाने से इनकार कर दिया।

## स्वेटर पाकर खिले मेधावी छात्रों के चेहरे

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



प्राथमिक विद्यालय बदोसराय में मेधावी छात्र छात्राओं को निः शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डायट मेंटर आर पी यादव उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम के अध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय परिवार के सहयोग से निपुण एवं अच्छी उपस्थिति तथा खेल कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य प्रतिभावान छात्र छात्राओं को उत्साहवर्धन हेतु निः शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, इसी क्रम में वर्तमान सत्र में प्रत्येक कक्षा के 10 -10 छात्र छात्राओं एवं कुल 50 छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए हैं। उपजिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के ने समस्त छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किए, इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार द्वारा चलाई जा रही मुहिम की सराहना करते हुए विद्यालय के भौतिक प्रांगण एवं शिक्षण व्यवस्था की प्रशंसा की। डायट मेंटर आर पी यादव ने भी छात्रों को स्वेटर वितरित करते हुए उनका माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया एवं समस्त शिक्षकों द्वारा कक्षा कक्ष में किए जा रहे शिक्षण के साथ साथ साथ अन्य गतिविधियों की तुलना कान्वेंट विद्यालय जैसी बताई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, ग्राम प्रधान बदोसरांय निसार मेंहदी, प्रधानाध्यापक धर्मराज, सहायक शिक्षिका पूजा गुप्ता, पूनम वर्मा, आरफा खातून, शबीना इब्राहिम, संगीता, अर्शिया खातून सहित विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर्स में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी



**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार से विज्ञान एवं नवाचारों से संबंधित मॉडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में हैदरगढ़ तहसीलदार व समाजसेवियों का कालेज के प्रबंधक पंकज सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि तहसीलदार हैदरगढ़ कविता ठाकुर और क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत अवस्थी ने शिरकत की। कॉलेज के प्रधानाचार्य एंड्रयू रमेश नायक ने बताया इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं के बौद्धिक कौशल और रचनात्मक प्रवृत्ति का विकास करना है।

## प्रेम विवाह के बाद दुल्हन जेवर लेकर फरार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा अमेठी में प्रेम विवाह के बाद एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पति ने अपनी पत्नी पर घर से जेवरात और अन्य सामान लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। पीड़ित पति ने इस संबंध में कोतवाली अमेठी में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गंगागंज मोहल्ला निवासी आदर्श अग्रहरि ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका लक्ष्मी यादव से काफी समय से प्रेम संबंध था। दोनों ने परिजनों की बिना सहमति के बीते 3 जून को आपसी रजामंदी से कोर्ट मैरिज की थी। आदर्श अग्रहरि का आरोप है कि शादी के बाद से ही उनकी पत्नी और मां के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर कहासुनी होती रहती थी। मंगलवार को आदर्श अपनी दुकान पर चले गए थे। उस समय घर पर उनकी मां और पत्नी ही मौजूद थीं। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद की जानकारी मिलने पर आदर्श के पिता मौके पर पहुंचे और दोनों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। पिता के घर से जाने के करीब दस मिनट बाद ही पत्नी बिना किसी को बताए घर से चली गई। पीड़ित पति का कहना है कि पत्नी जाते समय घर में रखे सोने का मंगलसूत्र, सोने की बालियां, पायल और बिछिया अपने साथ ले गई है। काफी देर तक पत्नी से संपर्क न होने पर आदर्श ने उसके मायके और ननिहाल पक्ष से संपर्क किया, लेकिन वहां से भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आदर्श ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष की ओर से उन्हें धमकियां दी जा रही हैं, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं। इस मामले में थाना प्रभारी अमेठी रवि कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण पति-पत्नी के बीच का पारिवारिक विवाद प्रतीत हो रहा है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

## एसडीएम ने गो आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**केयरटेकरों को वितरित किए कंबल**

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र मुसाफ़िर खाना में शीत लहर के दृष्टिगत निराश्रित गोवंश की सुरक्षा एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया द्वारा गो आश्रय स्थल मंगरौरा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने गौशाला में शीतलहर से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निराश्रित गोवंश के लिए चारे, पेयजल, साफ–सफाई, ठहराव एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ठंड के मौसम को देखते हुए गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी द्वारा गौशाला में तैनात केयरटेकरों को शीतलहर से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए गए। उन्होंने केयरटेकरों से गोवंश की नियमित देखरेख, समय पर चारा–पानी उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता बनाए रखने को कहा।

## बदहाल अवस्था में है भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिला मुख्यालय गौरीगंज में निर्माणाधीन पुलिस लाइन परिसर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पूर्व से स्थापित प्रतिमा बदहाल स्थिति में पड़ी है। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम् सिंह ने बताया कि स्व.राजीव गांधी एक राजनेता ही नहीं बल्कि अमेठी की आत्मा और जनता के दिलों पर राज करने वाले महान व्यक्तित्व थे। कंप्यूटर क्रांति की नींव रखना, पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करना तथा युवाओं को मतदान का अधिकार जैसे ऐतिहासिक निर्णय लेकर उन्होंने देश की दिशा और दशा बदलने का कार्य किया है। ऐसी महान शख्सियत की प्रतिमा की उपेक्षा होना न केवल भारत रत्न का अपमान है, बल्कि अमेठी का भी अपमान है। शासन-प्रशासन इस गंभीर विषय पर मूकदर्शक बना हुआ है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शुभम सिंह ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इस विषय का तत्काल संज्ञान लेते हुए राजीव जी की प्रतिमा का शीघ्र पुनर्निर्माण एवं शुद्धिकरण कराया जाए। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो यूथ कांग्रेस बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। पुलिस लाइन परिसर में शुभम सिंह के नेतृत्व में यह बात मजबूती से रखी गई। इस अवसर पर शुभम सिंह के साथ सौरभ सिंह (एनएसयूआई), शिवेंद्र विक्रम सिंह, शुभम तिवारी, दुर्गेश प्रताप सिंह सहित कई यूथ कांग्रेस एवं कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में टीपू दास की हुई हत्या के विरोध में बजरंग दल का विराट प्रदर्शन



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा बांग्लादेश में दीपू दास की निर्मम हत्या के विरोध में पुतला दहन का गया ,1947 में जब भारत का विभाजन हुआ तो उस समय पाकिस्तान में हिंदुओं की संख्या, भारत में हिंदुओं की संख्या, बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या में बहुत ही तेजी से संख्या घटी, जहां हिंदू घटा वह क्षेत्र भारत से कटा प्रारंभ में सभी भाईचारा रखते हैं जहां हिंदुओं की संख्या कम हुई वहीं गिरगिट की तरह अपना रंग दिखाना चालू करते हैं जहां कट्टर जिहादी संख्या अधिक है वहां गाय माता सुरक्षित नहीं बेटी सुरक्षित नहीं जमीन सुरक्षित नह्य ही भारत सुरक्षित है नहीं भारत में ही प्रारंभ में बांग्लादेश को संरक्षण देते हुए पाकिस्तान से रक्षा की थी प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख विपुल जी, जिला कार्य अध्यक्ष प्रमोद सिंह, विभाग मंत्री उत्तम सिंह सह मंत्री चंद्रकांत सह मंत्री कुमुद जिला उपाध्यक्ष अभिनव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री अरविंद, जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदोरिया, सहसंयोजक शिवम अर्कवंशी, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख विवेक, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा, नगर मंत्री रामनरेश मौर्य, नगर उपाध्यक्ष श्याम बाबा प्रखंड लहरपुर महेंद्र मिश्रा, प्रखंड मिश्रिख वीरपाल, प्रखंड मछरेहटा संजय राठौर समस्त कार्यक्रम बजरंग दल के नेतृत्व में किया गया आदि उपस्थित रहे।

## गुरुकुल महाविद्यालय ने 500 जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गुरुकुल पब्लिक स्कूल महाविद्यालय एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय पुरासी हलोर रायबरेली द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत बांटे गए कंबल। गुरुकुल द्वारा सामाजिक सेवा की भावना के तहत 500 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को राहत पहुंचाना था। विद्यालय परिवार के सदस्यों ने पूरे उत्साह और संवेदनशीलता के साथ इस कार्य में भाग लिया। कंबल वितरण के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने सेवा, करुणा और मानवता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने इस पहल की सराहना की। गुरुकुल पब्लिक स्कूल का यह प्रयास समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। संस्थान प्रबंधक आर डी मिश्र अध्यक्ष डॉ शशांक शेखर शुक्ला, उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा, कोषाध्यक्ष कुसुम मिश्रा, शौर्य शुक्ला, आद्या शुक्ला, क्लर्क बी के मिश्रा, एच ओ डी अमित पाण्डेय, एकाउंटेंट सुरेंद्र कुमार, गोविंद सिंह, तथा समाजसेवी राम अचल, कृष्ण कुमार वर्मा , मनोज मिश्रा, श्रवण चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## एकता का संदेश देने साइकिल से गुजरात से नेपाल की यात्रा पर निकले युवक

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



देश को एकता के सूत्र में पिरोने का संकल्प लेकर साइकिल से 1800 किलोमीटर गुजरात से नेपाल की यात्रा कर रहे युवाओं ने लोगों को एक झूठ रहकर देश को मजबूत बनाने का संदेश दिया यात्रा के दौरान जगह–जगह पर युवाओं का जोरदार स्वागत भी किया गया और लोगों ने उनका सम्मान भी किया गुजरात प्रांत के सूरत शहर के कतार गांव के रहने वाले तीन युवा रोहित वरीय 19 वर्ष भाविक कालसरिया 18 वर्ष साहिल उनागर 17 वर्ष इन्हें छोटी सी उम्र में बड़ा कारनामा करने की ठानी और संपूर्ण समाज को एकता के संदेश देने के लिए 1800 किलोमीटर की यात्रा तय कर निकल पड़े जिस उम्र में युवा अपने भविष्य की चिंता और परिवार के सहयोग के लिए प्रयास करते हैं उसे उम्र में गुजरात प्रांत की सूरत के रहने वाले इन तीन युवाओं ने सभी को राष्ट्रीय एकता के लिए एकजुठ रहने का संदेश देने निकले हैं यात्रा के लिए निकले या युवाओं ने बताया कि गुजरात से मध्य प्रदेश इंदौर होते हुए उत्तर प्रदेश बिहार राज्य के रक्सौल होते हुए नेपाल पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन के पश्चात वह वापस अपने घर को लौटेंगे यह यात्रा लगभग 1800 किलोमीटर लंबी है और पूरी यात्रा लगभग 25 दिनों में पूरी करेंगे वह सभी प्रतिदिन 80 से 100 किलोमीटर की यात्रा तय करते हैं और रात्रि शाम के पश्चात गंतव्य के लिए रवाना हो जाते हैं साइकिल से यात्रा पर निकले युवा बुधवार को डलमऊ पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया और उनको यात्रा एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी युवाओं ने बताया कि उनकी यात्रा का उद्देश्य देश भर के विभिन्न राज्यों में जाकर वहां की संस्कृति और सभ्यता को जानना पहचाना वहां के लोगों से बातचीत करना तथा अपने देश को एकता के सूत्र मैं पिरोय रखने के लिए पिछले कई वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में यात्रा कर रहे हैं पिछले वर्षों में उन लोगों ने साइकिल से अमरनाथ केदारनाथ बद्रीनाथ गंगोत्री यमुनोत्री महाकुंभ प्रयागराज अयोध्या सहित कई अन्य स्थानों की यात्रा कर चुके हैं।

लोगों से बातचीत करना तथा अपने देश को एकता के सूत्र मैं पिरोय रखने के लिए पिछले कई वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में यात्रा कर रहे हैं पिछले वर्षों में उन लोगों ने साइकिल से अमरनाथ केदारनाथ बद्रीनाथ गंगोत्री यमुनोत्री महाकुंभ प्रयागराज अयोध्या सहित कई अन्य स्थानों की यात्रा कर चुके हैं।

### ट्रेन पर चढ़ने के विवाद में इंटरसिटी के अंदर जमकर मारपीट

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रेलवे स्टेशन अमेठी पर बनारस–लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस में ट्रेन पर चढ़ने को लेकर युवकों के बीच हुए विवाद ने बवाल का रूप ले लिया। डिब्बे के अंदर ही जमकर मारपीट शुरू हो गई, जिसका वीडियो किसी यात्री ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। घटना सुबह करीब 8 :30 बजे उस समय हुई, जब इंटरसिटी एक्सप्रेस अमेठी रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। वायरल वीडियो में कुछ युवक आपस में धक्का–मुक्की और मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान ट्रेन में यात्रा कर रहे अन्य यात्री भयभीत नज़र आए। ट्रेन के डिब्बे के अंदर हुई इस घटना के बाद यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल रेलवे प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है या नहीं–इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना अमेठी रेलवे स्टेशन पर खड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस की बताई जा रही है।

## अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी समारोह की प्रतियोगिता शोभायात्रा से हुई शुरु

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



कमलापुर के राजा बहादुर डॉक्टर सूर्य बकरा सिंह इंटर कॉलेज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी समारोह की विधिवत शुरुआत हुई जिसमें निबंध एवं कला प्रतियोगिताओं व शोभायात्रा के आयोजन के साथ हुई सुरुआत संस्था रवींद्रनाथ टैगोर ग्रामोत्थान एवं शिक्षा प्रसार संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के मध्य उक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। तथा विद्यालय के शिक्षकों एवं आये हुए अतिथियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ से आये हुए अथितियों ने अपने संबोधन में अटल जी के जीवन पर अपने अपने विचार बच्चो के साथ साझा किया।

संस्था सचिव राहुल अवस्थी ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन पर आधारित संगीतमय संस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन,व वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह का आयोजन 26 दिसंबर 2025 को सतसंग भवन मिश्रिख नैमिषारण्य में किया जायेगा।

### वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** इनर व्हील क्लब बिसवां द्वारा नैमिषारण्य स्थिति वृद्धाश्रम में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष गुरमीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और आशीर्वाद से समाज को सही दिशा मिलती है, इसलिए उनकी सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम को देखते हुए वृद्धजनों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा परियोजना आयोजित की गई है। कार्यक्रम में क्लब की सक्रिय सदस्याएं तुलसी गुप्ता सीमा जैन, को–ऑर्डिनेटर गुंजन सेठ, श्रीमती शिवानी अग्रवाल, श्रीमती एकता गुप्ता एवं श्रीमती किरण गुप्ता उपस्थित रहीं।

### राज्यपाल के हाथों साहित्यिक कृति 'वातायनी' का लोकार्पण



**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** बिसवां निवासी वरिष्ठ साहित्यकार पद्मकांत शर्मा 'प्रभात' द्वारा संपादित साहित्यिक कृति 'वातायनी - सफरनामा' का लोकार्पण राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन, लखनऊ में किया। यह कृति सीतापुर के मोहल्ला खूबपुर नवीन गल्ला मंडी निवासी कवयित्री–लेखिका डॉ. छाया त्यागी की साहित्यिक सृजन यात्रा पर केंद्रित है, जिसमें विविध विधाओं की रचनाएँ संकलित हैं। पुस्तक में लेखिका के व्यक्तित्व, विचार–जगत और साहित्यिक विकास का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक की सामग्री का चयन डॉ. नीलम सेठी एवं प्रो. सुधीर बावेजा द्वारा किया गया है। विमोचन अवसर पर संपादक पद्मकांत शर्मा प्रभात ने कृति पर प्रकाश डाला। यह पुस्तक सप्तरिषी पब्लिकेशन, चंडीगढ़ द्वारा प्रकाशित की गई है।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र श्रीयांश गुप्ता व पुत्रवधू भावना गुप्ता को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**दयाशंकर गुप्ता पुत्र स्व. गिरिजाशंकर गुप्ता व श्रीमती अनीता गुप्ता पत्नी दयाशंकर मोहल्ला ब्रह्मनी टोला, थाना कोतवाली फतेहपुर, जिला बाराबंकी**

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ, गुरूवार 25 दिसम्बर, 2025







मौत के सफर पर सवार राहगीर....

# परिवहन सेवाओं के अभाव में डग्गामार वाहनों की चाँदी

▸ भूसे की तरह ठूंसी जा रहीं सवारियां, प्रशासन मौन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



सवारियां भर रहे डग्गामार वाहन

क्षेत्र की सड़कों पर बेपटरी दौड़ रहे डग्गामार वाहन आम जनता की जान से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। अधिक पैसा कमाने के चक्कर में ये वाहन चालक यात्रियों को भूसे की तरह वाहनों में ठूंस रहे हैं, लेकिन प्रशासन और पुलिस का इन पर कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। आलम यह है कि बिना वैध कागजों के सड़कों पर फर्राटा भरते ये वाहन आए दिन हादसों को दावत दे रहे हैं। नवाबगंज क्षेत्र में परिवहन संसाधनों का भारी अभाव है। नगर में रोडवेज बसों का संचालन न होने के कारण यात्रियों के पास इन डग्गामार वाहनों में बैठने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। नवाबगंज से फर्रुखाबाद, मोहम्मदाबाद, मंझना और अलीगंज जैसे महत्वपूर्ण मार्गों के लिए सरकारी बसें उपलब्ध नहीं हैं। इसी मजबूरी का फायदा उठाकर डग्गामार चालक अपनी जेबें भर रहे हैं और लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इन वाहनों में यात्रियों को भेड़ बकरियों की तरह भरा जाता है। हद तो तब हो जाती है जब चालक की सीट पर भी तीन से चार सवारियां बैठा ली जाती हैं। जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ना और दुर्घटना होना आम बात हो गई है। जानकारों के अनुसार क्षेत्र में चल रहे अधिकांश डग्गामार वाहनों के न तो रजिस्ट्रेशन वैध हैं और न ही उनके पास बीमा जैसे जरूरी कागजात हैं। सड़कों पर सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ते देख स्थानीय लोगों में भारी रोष है। जनता अब सीधे प्रशासन पर सवाल उठा रही है कि आखिर बिना कागजातों के इतनी बड़ी संख्या में डग्गामार वाहन सड़कों पर कैसे दौड़ रहे हैं, क्या विभागीय अधिकारियों को इन डग्गामार संचालकों से कोई अनुचित लाभ मिल रहा है, जिसके कारण इन पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। बसों के अभाव को दूर करने के लिए अब तक कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया गया, आए दिन होने वाले हादसों में कई परिवार उजड़ चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब भी चैन की नींद सो रहे हैं। यदि समय रहते इन वाहनों पर लगाम नहीं लगाई गई और रोडवेज बसों का संचालन शुरू नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

# घने कोहरे में रेंगते नजर आये वाहन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



सुबह कोहरे का दृश्य

बुधवार सुबह आसमान में घने कोहरे की चादर छायी रही। जिससे विजिबिलिटी घटकर लगभग 15 मीटर रह गई। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही और जनजीवन प्रभावित हुआ।

जिले में मंगलवार रात 9 बजे से ही घना कोहरा छाना शुरू हो गया था, जो पूरी रात बना रहा और मंगलवार सुबह भी जारी रहा।

फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मार्ग, इटावा-बरेली हाईवे और फर्रुखाबाद-दिल्ली मार्ग पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। सुबह के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। प्रतिदिन टहलने निकलने वाले लोग भी कोहरे के कारण कम दिखाई दिए। मंगलवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और आर्द्रता 27 प्रतिशत दर्ज की गई। लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले। कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिखे। रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों ने अलाव तापकर ठंड से राहत पाई। रोडवेज बस चालकों ने बताया कि यात्रियों की संख्या में भारी कमी आई है। मुश्किल से 8 से 10 यात्री ही मिल पा रहे हैं। फर्रुखाबाद में बुधवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा था।

इस भीषण सर्दी में सबसे ज्याद परेशानी रोज कमाने खाने वालों को हो रही है। रेहड़ी दुकानदारों का कहना है कि भीषण सर्दी में दुकानदारी बहुत कम हो रही है। घर का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है।

# इन्जन के पट्टे में फंसकर किशोर की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



मृतक का फाइल फोटो

इन्जन ट्राली के पटे में मफरल उलझकर किशोर की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव गोपाल नगर निवासी रामकिशोर अपने आलू के खेत में इन्जन ट्राली द्वारा पानी लगा रहे थे, उसी दौरान उनका 13 वर्षीय भतीजा अमित राजपूत पुत्र लाल बहादुर राजपूत गले में मफरल डालकर पानी पीने के लिए इन्जन ट्राली के पास पहुँचा, तभी अचानक इन्जन के पटे में मफरल उलझ गया। जिससे उसकी गर्दन फंस गई। चीख निकलने पर चाचा ने दौड़कर ट्राली बन्द की और उसकी गर्दन से मफरल निकालकर उसे प्राइवेट चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। जहाँ डाक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाने की सलह दी। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमरेश कुमार ने अमित को मृत घोषित कर दिया।

# दीपू चन्द्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में हिन्दू संगठनों में उबाल

▸ विरोध में गौ रक्षक दल ने निकाला पैदल मार्च, की नारेबाजी

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।



पैदल मार्च के दौरान गौ रक्षक दल के कार्यकर्ता

दीपू चन्द्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को अमृतपुर क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला। गौ रक्षक दल के कार्यकर्ताओं ने अमृतपुर बाजार से लेकर अमृतपुर तहसील तक पैदल मार्च निकालकर घटना के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं में गहरा रोष दिखाई दिया और वातावरण नारेबाजी से गूंज उठा।

पैदल मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी होश में आओ, मोहम्मद यूनुस मुर्दाबाद, भारत माता की जय और इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने हत्या को मानवता के खिलाफअपराध बताते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। मार्च अमृतपुर तहसील गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन में तब्दील हो गया। जहां कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से जूता-चप्पलों की बरसात करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि दीपू चन्द्र दास की हत्या न केवल एक व्यक्ति की हत्या है, बल्कि यह समाज की शांति और सौहार्द पर हमला है। उन्होंने केंद्र सरकार और अंतरराष्ट्रीय मंचों से इस मामले का संज्ञान लेने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शिवम अवस्थी, गौरक्षक अभय चौहान, अनमोल पांडेय, पीयूष, अंशुल यादव, अंकित अवस्थी, शिवम पाठक, मयंक, अनुराग, सौरभ, कुलदीप चौहान, सुमित सहित बड़ी संख्या में गौ रक्षक दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन आक्रोश का स्वर साफ तौर पर देखने को मिला।

## चलती बाइक में लगी आग, धू-धू कर जली



जली बाइक

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कंपिल-कायमगंज मार्ग पर चलती बाइक में अचानक आग लग गयी। चालक ने सड़क किनारे खड़ी कर जैसे तैसे अपनी जान बचायी। इस घटना से बाइक चालक भयभीत हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर कंपिल-कायमगंज मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास चलती बाइक में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरी बाइक जलकर राख हो गई। हालांकि बाइक सवार ने सूझबूझ दिखाते हुए अपनी जान बचा ली। यह घटना थाना क्षेत्र कंपिल में एचपी पेट्रोल पंप के पास हुई। ग्राम भैंसरी निवासी बांकेलाल कश्यप पुत्र रामवीर अपनी हीरो बाइक से कायमगंज बाजार से किराने का सामान लेने जा रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी चलती बाइक से धुआं उठने लगा और उसमें आग लग गई। आग लगते ही बांकेलाल ने तुरंत बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और उससे दूर हट गए। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और बाइक धू-धू कर जलने लगी। इस दौरान बांकेलाल सुरक्षित रहे। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने मिट्टी और पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उन्हें सफलता नहीं मिली। देखते ही देखते बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है। इस घटना से आसपास अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

# आवारा गोवंश बने किसानों की तबाही का कारण



जानकारी देते पीड़ित किसान



आलू की फसल में हुआ नुकसान

▸ 150 बीघा आलू व गेहूं की फसल चट, रातभर पहरा बेकार

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर देवराजपुर तथा अन्य आसपास के क्षेत्र में आवारा गोवंश किसानों के लिए गंभीर संकट बन गये हैं। झुंड के रूप में घूम रही गाय किसानों की आलू व गेहूं की फसलों को लगातार बर्बाद कर रही हैं। अब तक करीब 150 बीघा से अधिक क्षेत्र की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा गायें धारा नगला, कल्लू नगला, जंजाली नगला की ओर से आती हैं। किसान रात-रात भर खेतों में झोपड़ी डालकर पहरा देते हैं, लेकिन जरा सी लापरवाही या आंख लगते ही गायें झुंड बनाकर खेतों में घुस जाती हैं। आलू की फसल को इस कदर खोद देती हैं कि खेत ऐसा दिखाई देता है जैसे किसी मशीन से खुदाई कर दी गई हो।

### प्रशासन से गुहार

किसानों का कहना है कि सालों में कभी-कभार ही फसल के अच्छे दाम मिलते हैं।

बाकी समय किसान कर्ज और घाटे में जीता है। अगर आवारा गोवंश की समस्या पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र का किसान पूरी तरह तबाह हो जाएगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गोशालाओं की व्यवस्था मजबूत की जाए। आवारा गोवंश को पकड़वाया जाए और किसानों की फसल की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

**किसानों की दर्दनाक दास्तान**

सुरेंद्र निवासी गदनपुर देवराजपुरए की कई बीघा आलू की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। मजबूरी में उन्हें तुरंत खुदाई करानी पड़ी। देवराजपुर के एक किसान की लगभग 5 बीघा गेहूं की फसल गायों ने चट कर दी। राजू निवासी देवराजपुर का आलू पूरी तरह बर्बाद हो गया। नरेंद्र की ढाई बीघा आलू की फसल भी आवारा गोवंश ने नष्ट कर दी। ऐसे सैकड़ों किसान हैं जिनकी मेहनत पर पानी फिर चुका है।

**कम दाम से पहले ही परेशान, अब फसल भी चौपट**

किसानों का कहना है कि आलू का भाव पहले से ही इतना कम है कि लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। भुगतान भी समय पर नहीं मिल पा रहा। ऐसे में गेहूं से कुछ उम्मीद थी, लेकिन अगर गेहूं की फसल भी इसी तरह नष्ट होती रही तो किसान और उसके परिवार के सामने भुखमरी का संकट खड़ा हो जाएगा।

# कुकर्म करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

▸ पांच हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कुकर्म करने वाले आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट घनश्याम शुक्ल ने सतीशचंद्र पुत्र चंद्रभान निवासी ग्राम नादौरा थाना मेरापुर को तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते 32 वर्ष पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरा लड़का उदय प्रताप दहला वाले बाग में बकरिया चराने गया था। उस बाग में सतीश ने उर्फ भूरे भी बकरियां चरा रहा था। सतीश ने मेरे लड़के को दिन में दो बजे बहला फुसलाकर मिट्टी खोदने वाले गड्ढे के पास ले जाकर ज़बरदस्ती उसे गड्ढे में गिराकर उसका नाड़ा तोड़कर अप्राकृतिक बलात्कार किया। कई लोगों के पहुंचने पर वह भाग गया। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर माननीय न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व अभियोजन की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश घनश्याम शुक्ल ने सतीश उर्फ भूरे को तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# बीडीओ ने जी राम जी योजना के तहत ग्रामीणों को किया जागरुक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



ग्रामीणों को जानकारी देते बीडीओ

शासनादेश के अनुसार विकास खंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत में बैठक कर लोगों को नई जी राम जी योजना की जानकारी से अवगत कराया।

नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोकापुर तथा ग्राम पंचायत जरहरी में विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत सचिव के साथ पहुंचकर ग्रामीण जनता को 125 दिन की रोजगार गारंटी योजना से अवगत कराया।

शासन के द्वारा चालू की गई योजना में बेरोजगार ग्रामीणों को योजना के तहत 125 दिन काम दिया जाएगा। साथ ही जो लोग अपनी खेती बाड़ी का काम करते हैं तो उनके लिए 60 दिन का समय दिया जाएगा। वहीं लोगों को कम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान बताया और जल्द से जल्द भुगतान सरकार के द्वारा देने की बात कही गई। यदि श्रमिक के भुगतान में देरी होती है तो उसको बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा। ऐसे ही कई सुझाव तथा जानकारियां ग्रामीणों को दी गयीं। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, ग्राम प्रधान कोकापुर सुरेंद्र सिंह यादव, ग्राम प्रधान जरहरी तथा क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।

# किशोर की मौत से आहत परिजनों ने शव रखकर रोड किया जाम



मृतक का फाइल फोटो



परिजनों को समझाते एसडीएम

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम गुडेरा निवासी 17 वर्षीय अंजेश राजपूत पुत्र राकेश की 22 दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया था, लेकिन रिपोर्ट न आने से परिजन असंतुष्ट नजर आए। बुधवार को मृतक के परिजनों ने गांव के ही कुछ युवकों पर साजिशन हत्या करने का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। आक्रोशित परिजनों ने फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर मृतक का शव रखकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकार अमृतपुर संजय वर्मा, उप जिलाधिकारी अमृतपुर संजय कुमार सिंह व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। मृतक की मां संगीता ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के ही चार युवकों ने उनके बेटे की हत्या की है। आरोप है कि जब परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई तो पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और जबरन अंतिम संस्कार कराने का दबाव बनाया। बताया गया कि मृतक अंजेश अपने परिवार में सबसे बड़ा था। उसके एक बहन कीमती और पांच भाई मोनू, रविदत्त, शिवदत्त और लक्ष्य हैं। अंजेश की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं क्षेत्राधिकार अमृतपुर संजय वर्मा ने बताया कि परिजनों से लगातार संवाद किया जा रहा है। मामले की जांच थाना अध्यक्ष राजेपुर को सौंपी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस प्रशासन परिजनों के संपर्क में है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है।

## दबंगों ने नाली की बंद सड़क पर बह रहा गंदा पानी, निकलना मुश्किल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दबंगों द्वारा नाली बंद कर देने से सड़क पर गंदे पानी का कीचड़ बह रहा है। कमालगंज के क्षेत्र गदनपुर देवराजपुर में दबंगो द्वारा नाली बंद करने से गांव जाने वाली सड़क पर पानी बह रहा है। जिससे गांव जाने वाले लोगों को नाली के गंदे पानी से निकलना पड़ता है, जबकि इसी सड़क पर पापाठशाला तथा सचिवालय भी है। ग्राम प्रधान द्वारा आज तक कोई कायवाही नहीं की गई। जिससे ग्रामवासियों का निकलना भी दूबर हो गया है। ग्रामीणों ने आमिल के प्रधान रघुनन्दन पाल व गदनपुर देवराजपुर के प्रधान दिलीप कुमार यादव को कई बार लिखित शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं भाजपा के जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने मांग की है कि सड़क के दोनों तरफ नालियां खुलवायी जाये, जिससे कमालगंज दरियागंज मेन रोड से गांव तक सुरक्षित पहुंचा जा सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान के अंदर मृत मिला युवक

▸ परिजनों ने हत्या करने का लगाया आरोप, सीओ बोले करंट से हुई मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



मृतक का फाइल फोटो



मौके पर जाम लगाने का प्रयास करतीं महिलायें

कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला नगला हीरा सिंह निवासी पारस उर्फ परशुराम अपनी पत्नी कृपांति के साथ नवाबगंज.मोहम्मदाबाद रोड स्थित अपनी नाव निर्मित दुकान में रहते थे। पारस का 14 वर्षीय पुत्र राजा, 12 वर्षीय शेखर व 09 वर्षीय पुत्री तान्या जनपद मैनपुरी के थाना भोगांव के गांव रामनगर निवासी अपनी बुआ मंजा पत्नी जसवंत के यहां रहकर पढ़ाई करते हैं। कृपांति लगभग छह दिन पूर्व अपने बच्चों से मिलने अपनी ननद मंजा के यहां गई थी। जिस कारण पारस अपनी दुकान पर अकेले ही रह रहे थे। कृपांति ने अपने पति पारस से कई बार फोन पर बात करनी चाही, लेकिन उनकी बात नहीं हो पाई। बुधवार दोपहर कृपांति वापस अपने घर आई, तो उन्हें दुकान का शटर बंद मिला। कृपांति ने दुकान का शटर खोला, तो उन्हें पति पारस बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़े मिले। पति को मृत अवस्था में देख पत्नी कृपांति चीख पुकार करने लगी। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठी होने लगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचे थाना प्रभारी अवध नरायन पांडेय, अपराध निरीक्षक संजय कुमार राय. कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह, उपनिरीक्षक जगराम, उपनिरीक्षक कमल कुमार ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को दुकान के अंदर से बाहर निकलवाया। लगभग 2 घंटे बाद पहुंचे क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा व फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक की पत्नी कृपांति सहित उनके परिजन व रिस्तेदारों ने पारस की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। वहीं क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि मृतक की मौत करंट लगने के कारण हुई है। आगे की विधिक कारवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के दौरान मृतक के परिजनों व रिश्तेदारी की महिलाओं ने हंगामा किया।

जिन्हें थाना प्रभारी व पुरुष सिपाही ने उन्हें पकड़ कर शव वाहन से दूर किया। मौके पर कोई महिला पुलिस कर्मी मौजूद नहीं थीं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य और चेयरमैन अनिल राजपूत, सभासद कुलदीप राजपूत, पुष्पेंद्र सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# सनातन व देवी देवताओं को न मानने वालों का मेले में प्रवेश वार्जितः जूना अखाड़ा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक में मौजूद संतगण

श्री पंच दश नाम जूना अखाड़ा में एक विशेष साधु संतों के साथ बैठक की गई। जिसमें कहा गया कि पांचाल घाट के तट पर मेला रामनगरिया की शुरूआत होने वाली है। जिसमें कहा गया कि जो सनातन को नहीं मानते, जो देवी देवताओं को नहीं मानते, उनका इस मेले में प्रवेश वर्जित होना चाहिए और ना ही उनका किसी प्रकार का यहां निवास और ना ही किसी प्रकार का कोई कैंप लगना चाहिए। वहीं दूसरी तरफ सत्यगिरि महाराज जूना अखाड़ा के अध्यक्ष ने बताया है कि हम सभी साधु संतों के लिए प्रशासन द्वारा बिजली, पानी व निवास बनाये गयो हैं, जिसको लेकर जब तक मेला रामनगरिया की शुरुआत है उससे पहले तैयार कर दिया जाएगा, जो कि अभी तक काम चल रहा है और कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं। अभी तक किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था की शिकायत नहीं है। साधु संतों की बैठक में कई अखाड़े के साधु संत शामिल रहे। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से संतों ने निर्णय लिया कि नगर प्रवेश यात्रा दिनांक 02 जनवरी को प्रारम्भ होकर 6 नंबर सीढ़ी से पुल से ब्रह्मदत्त द्विवेदी चौराहा पांचाल घाट से कादरीगेट से साहबगंज चौहारा, नाला मछरट्टा, गुदड़ी होते हुए पक्कापुल चौराहा से तिकोना चौकी, बजरिया रोड, बजरिया पुलिस चौकी से रेलवे स्टेशन तिराहा होते हुए रेलवे रोड से चौक, नेहरु रोड होते हुए बस अड्डे से आवास विकास मसेनी चौराहा से पांचाल घाट होते हुए मेला क्षेत्र में प्रवेश करेगी। इस यात्रा को सुचारु रुप से सम्पन कराने के लिए पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाये।

# अटल बिहारी बाजपेयी जन्म शताब्दी के तहत रंगोली व दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र वाली रंगोली एवं दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। सांसद मुकेश राजपूत व जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा समेत पार्टी के नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। अध्यापक नीलम सोमवंशी ने अटल के चित्र वाली रंगोली सजाई एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर रंगोली को सजाने का कार्य किया।


अटल रंगोली कार्यक्रम में मौजूद सांसद व अन्य

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे, उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में मूल्यों और सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। भारतीय राजनीति के सबसे लोकप्रिय नेता थे, सदन में वह जब अपनी बात रखते थे सत्ता पक्ष ही नहीं बल्कि पूरा विपक्ष भी उनको सुनता था। उनकी इस जन्म शताब्दी पर नई पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया पूरे जनपद में पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। पार्टी के निर्देश के अनुसार पूर्व संध्या पर दीपोत्सव एवं रंगोली का आयोजन हुआ।

25 दिसंबर को जनपद के सभी बूथों पर अटल का चित्र लगाकर पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन होगा। फतेहगढ़ स्थित ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के समापन एवं अटल जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का संबोधन सुना जाएगा। स्टेडियम में ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस अवसर पर सतपाल सिंह, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, अभिषेक बाथम, बबीता पाठक, रमला राठौर, डीएस राठौर, विमल कटियार, संजीव गुप्ता, अतुल दीक्षित, धर्मेंद्र राजपूत, अभय कठेरिया, श्वेता दुबे, ममता सक्सेना, चित्रा अग्निहोत्री, विकास पांडे, राजकुमार वर्मा, संजू शर्मा, सरल त्रिवेदी, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, रवि बाजपेई, अभिषेक बाजपेई, धीरेंद्र वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# साहित्यकार ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री पटना में हुए सम्मानित


ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री को सम्मानित करते राज्यपाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री को पटना में हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सम्मानित किया गया। बिहार की राजधानी पटना में आयोजित हिन्दी साहित्य सम्मेलन में जनपद के वरिष्ठ कवि ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री को हिन्दी साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। साहित्य सम्मेलन में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें देश-विदेश के हिन्दी साहित्य अनुरागियों ने भाग लिया। राज्यपाल डॉ. आरिफ मोहम्मद खां ने अध्यक्षता की। जनपद के ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री को संस्था के सर्वोच्च सम्मान पंडित मोहन लाल महतो वियोगी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भाते विद्या पीठ गोपालगंज बिहार के कुलपति डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय द्वारा उन्हें विद्या वाचस्पति उपाधि से अलंकृत किया जा चुका है। उनके द्वारा रचित श्री हनुमच्चारितम संस्कृत महाकाव्य, जिस पर कालीदास अकादमी उज्जैन मध्य प्रदेश द्वारा उनको कालीदास सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही डॉ. साईंनाथ प्रोफेसर क्रिस्तु जयंती विश्वविद्यालय बैंगलौर के पाठ्यक्रम में भगवान परशुराम महाकाव्य के हंस रखने का आश्वासन दिया है।

# ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च के पदाधिकारियों ने कुष्ठ आश्रम में मनाया क्रिसमस

▸ कुष्ठ रोगियों को गर्म कपड़े व खाद्य सामग्री की गई वितरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च के पदाधिकारियों ने पादरी स्टीफन मसीह के नेतृत्व में कुष्ठ रोगियों के आश्रम में जाकर कुठ रोगियों के बीच क्रिसमस मनाया।


कुष्ठ रोगियों के साथ ऑल सोल्स चर्च के लोग

पादरी स्टीफन मसीह ने इस नेक काम को करते हुए ये संदेश दिया कि जैसा प्रभु यीशु मसीह ने अपने जीवन में बहुत से कुष्ठ रोगियों की सेवा की, हम भी प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर बीमारों की, रोगियों की, गरीबों की सेवा करें। इस क्रिसमस पर ये संकल्प लें कि न केवल हम अपने परिवार के लोगों के साथ क्रिसमस मनाए, वरन साथ ही साथ गरीबों तथा बेसहाय लोगों के साथ भी क्रिसमस मनाए। कार्यक्रम में ऑल सोल्स चर्च के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चर्च की और से सहायता के रूप में कुष्ठ रोगियों को कंबल वितरण किए गए। कंवल वितरण के साथ अन्य खाद्य पदार्थ, आटा, दाल, चीनी इत्यादि दिए गए। इस मौके पर रीनी मसीह, रोजिशन विश्वासी, संतोष मसीह, सुनील मसीह, अमोल मसीह, अमित राज, सोनू, मोनू, जेनिस लाल, अभिषेक, जॉन्सन, बेबी मसीह, बॉबी राज आर्यन तथा अशीष मसीह आदि मौजूद रहे।

# वीर बाल दिवस पर नगर में निकाली गई प्रभात फेरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वीर बाल दिवस पर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने प्रभात फेरी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, अरविंद बाथम, संजीव गुप्ता ने प्रभात फेरी में भाग लिया। सरदार तोषित प्रीत सिंह ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।

वीर बाल दिवस के बारे में तोषित प्रीत सिंह ने बताया कि सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों-जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों ने बहुत कम उम्र में धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे, उनका साहस आज भी देश को प्रेरणा देता है। सन् 1705 के आसपास पंजाब में मुगल शासकों का अत्याचार बढ़ गया था। मुगल सेना गुरु गोबिंद सिंह जी को पकड़ना चाहती थी, इस कारण गुरु जी को अपने परिवार से अलग होना पड़ा। उनके दो बड़े पुत्र, साहिबजादा अजित सिंह और साहिबजादा जुझार सिंह, मुगल सेना से युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, लेकिन उनका साहस अद्भुत था। गुरु गोबिंद सिंह जी की माता, माता गुजरी अपने दो छोटे पोतों, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के साथ छिपकर रह रही थीं। दुर्भाग्य से वे मुगलों के हाथों पकड़ लिए गए। मुगल शासकों ने दोनों छोटे साहिबजादों पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला, लेकिन उन्होंने सिख धर्म छोड़ने से इनकार कर दिया।


प्रभात फेरी का स्वागत करते सांसद

इसके बाद उन्हें दीवार में जिंदा चिनवा दिया गया। यह घटना भारतीय इतिहास की सबसे हृदयविदारक घटनाओं में से एक है। अपने पोतों की शहादत का समाचार सुनकर माता गुजरी जी ने भी अपने प्राण त्याग दिए। साथ ही प्रभात फेरी लोहाई रोड स्थित गुरुद्वारा तक निकाली गई। जहां समापन हुआ। गुरुद्वारा में ज्ञानी द्वारा शबद कीर्तन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने गुरुद्वारा में माथा टेका और वीर बाल दिवस के बारे में विचार रखे।

## रेलवे रोड का सुंदरीकरण कार्य 1 जनवरी से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल द्वारा रेलवे रोड का सुंदरीकरण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन मांग की थी। जिसको लेकर नगर पालिका द्वारा सुंदरीकरण का आश्वासन दिया गया था।

टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जनवरी के पहले सप्ताह में निर्माण कार्य शुरु कर दिया जायेगा। रेलवे रोड पर बंच केबिल शिफ्टिंग कार्य चल रहा है। रेलवे रोड का सुंदरीकरण का कार्य शुरु होने के आश्वासन पर फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल ने नगर पालिका का आभार व्यक्त किया है।

जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि सभी व्यापारियों का सहयोग रहा, साढ़े तीन साल बाद व्यापारियों को सफलता मिली है।

# चाइनीज मांझा बेंचने वालों पर की जाये कार्यवाई: सोनी शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर में चाइनीज मांझा बेंचने वाले एवं चाइनीज मांझा के साथ पतंग उड़ाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही की उद्योग व्यापार मण्डल महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने मांग की है। प्रशासन पूर्ण रुप से चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाये और चाइनीज मांझा बेंचने वाले दुकानदारों के यहां अभियान चलाकर छापा मारे। मांझा बरामद होने पर सीधे कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जाये, ना कि उन्हें छोड़ा जाये। जो लोग चाइनीज मांझा से पतंग उड़ाते है उन पर भी कार्यवाही हो। क्योंकि चाइनीज मांझा से कई लोगों के हाथ-पैर व गर्दन आदि कटे है और प्रदेश में चाइनीज मांझा से कई मौतें भी हुई है। ऐसे में कड़ी कार्यवाही बहुत जरुरी है। प्रशासन ने चाइनीज मांझा बेंचने एवं चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाने वालों पर कार्यवाही नहीं की तो व्यापार मण्डल महिला मोर्चा आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस संबंध में महिला व्यापार मण्डल जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दे चुका है।


सोनी शुक्ला

अभी तक चाइनीज मांझा बेंचने वालों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई है।

## क्रॉस कंट्री एथलीट प्रतियोगिता के लिए चयन 26 दिसम्बर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 60वीं उत्तर प्रदेशीय क्रॉस कंट्री एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन 4 जनवरी को झांसी में किया जाएगा। प्रतियोगिता में अंडर-16, अंडर-18 एवं अंडर-20 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में 2 किलोमीटर, 8 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर तथा महिला वर्ग में 2 किलोमीटर, 4 किलोमीटर, 6 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर की स्पर्धा होगी। प्रतियोगिता के लिए जनपद टीम का चयन 26 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में किया जाएगा। जिला टीम चयन में भाग लेने वाले इच्छुक धावक योगेश शुक्ला सचिव एथलेटिक संघ से संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजीव कटियार ने दी है।

# एसडीएम के आश्वासन पर किसानों का धरना समाप्त


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के द्वारा किसानों ने की समस्याओं को लेकर चलाये जा रहे अनिश्चितकालीन धरना का गुरुवार को समाप्त हुआ। उपजिलाधिकारी अमृतपुर को किसानों ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसडीएम के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। एसडीएम ने कहा कि समस्याओं को संज्ञान में लेकर निस्तारण किया जायेगा। जिस पर किसान नेता मान गये और उनके आश्वासन पर संतुष्ट हो गये और धरना समाप्त किया गया। गंगपार क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन अनदेखी कर रहा था। नाराज किसानों ने मांगों को लेकर अमृतपुर तहसील में धरना दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रशासन द्वारा किसानों के ट्रैक्टर ट्राली रोकी जा रही है, जबकि अन्य लोगों की नहीं रोकी जा रही है।

किसानों की ट्रैक्टर ट्राली छोड़ने का आश्वासन देने के बाद किसान संतुष्ट हुए। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने किसानों की समस्यायें सुनी और ज्ञापन लेकर समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार बबलू दीक्षित, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी, प्रभात शाक्य, मेघराज सिंह, नेत्रपाल सिंह, राकेश दुबे, राजपाल सिंह सोमवंशी, कुलदीप चौहान, आकाश सिंह, मनोज सिंह, बबलू यादव, शमशाद, लकी और मुन्ना खान, डॉ0 अजय शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## नेत्र शिविर को लेकर सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को सेवा समिति कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। शनिवार को रामा अस्पताल कानपुर के द्वारा आए हुए चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। जिन मरीज को मोतियाबिंद की शिकायत होगी, उनका निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा। समिति की ओर से शिविर का आयोजन बेस्ट केयर फार्मा मेडिकल स्टोर सलामत खान में होगा। 11 बजे से 2 तक आयोजित शिविर में मरीजों का परीक्षण होगा। समिति के सचिव अविनाश सारस्वत ने सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है कि कार्यक्रम में सहयोग करें। इस मौके पर शैलजा सारस्वत, पंकज, रितिक पाल, अभिजीत, श्रृति, अनिल अवस्थी, श्यामू अवस्थी, अमन शुक्ला, प्रदीप सारस्वत, विवेक मिश्रा, स्वदेश अवस्थी, रवि, सत्यम, डॉ0 आनंद, गौरव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## रंजिशन भाभी व ननद को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गांव विहारीपुर निवासी लीलावती पत्नी बुद्धपाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह अपनी ननद कुसुमा के साथ मवेशियों के लिए चारा खांद रही थी, उसी दौरान गांव के किशनपाल, सन्तराम, शिवम, शिवपाल, रोशनी, अनीता, ममता ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज किया। विरोध करने पर उक्त लोग मारपीट करने लगे, पिटता देख ननद कुसुमा बचाने आयी तो उसे भी मारा पीटा। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया।

# ई-रिक्शा पलटने से युवक की मौत, परिजनों ने कोतवाली में काटा हंगामा

▸ परिजनों ने बेकरी मालिक को ठहराया दोषी, मुआवजे की मांग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ई-रिक्शा पलटने से युवक की मौत हो गयी। परिजनों ने बेकरी मालिक को दोषी ठहराते हुए मुआवजा व आर्थिक सहायता की मांग करने लगे और कोतवाली में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद परिजनों को शांत किया व एक का शांति भंग में चालान भी कर दिया।


कोतवाली में हंगामा करते मृतक के परिजन व अन्य

कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला बजरिया रामलाल निवासी सोनू श्रीवास्तव उम्र 27 वर्षीय पुत्र दीपचन्द्र एक बेकरी में काम करता था। प्रतिदिन की तरह सोनू ई0 रिक्शे द्वारा बिस्कुट पहुंचाने कम्पिल के गाँव रूदैन गया था। वापस लौटते समय गांव मनिकपुर के पास उसका ई0 रिक्शा पलट गया। जिससे सोनू उसके नीचे दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से सोनू को 108 एंबुलेंस द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने सोनू को मृत घोषित कर दिया।

जिसके बाद बेकरी मालिक और परिजन उसे फर्रुखाबाद ले गये। देर रात्र शव घर पहुंचा। सुबह होते ही मृतक के परिजन और रिश्तेदार शव लेकर कोतवाली पर पहुंचे। परिजनों ने बेकरी मलिक पर हत्या का जिम्मेदार बताते हुए आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू किया। हंगामे की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्वा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कास्टेबल सचिन, कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र, कांस्टेबिल विनीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब भीड़ नियत्रित नहीं हुई तो पुलिस ने कार्रवाई की हंगामा कर रहे जनपद एटा के सकीट निवासी भगवानसिंह को हिरासत में लेकर शान्तिभग के आरोप में चालान कर दिया। पुलिस की सख्ती देख प्रदर्शनकारी तितर विवर हो गये। कम्पिल पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# विहिप-बजरंग दल ने बांग्लादेश में हो रही हिंसा के खिलाफ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय बजरंग दल ने बांग्लादेश में हिन्दू व अल्पसंख्यकों की हत्या रोकने के लिए राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद वहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ हिंसा, उत्पीड़न, हत्याओं की लगभग 88 घटनायें हो चुकी है। जिसमें हजारों लोगों को मौत के घाट उतारा जा चुका है। बांग्लादेश में 1971 जैसे हालात है। मंदिरों को तोड़ने, हिन्दुओं के घरों को जलाने, लूट, मारकाट जैसी घटनायें की जा रही है। धार्मिक भेदभाव का प्रतीक है। मुस्लिम कट्टरपंथियों ने हिन्दू युवक दीपू चन्द्र दास को मारकर पेड़ पर लटाकर जला दिया। सरेआम आगजनी से बांग्लादेश सुलग रहा है।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हिन्दूवादी नेता

इस्लामिक कट्टरपंथी, आतंकवादी, उस्मान हादी की मृत्यु के बाद ढाका में भारत विरोधी षड्यंत्र किये जा रहे है। सत्ता, सेना और सरकार का गृह युद्ध छिड़ा है। लोग लाचार पड़ रहे है। हिन्दुओं को धमकी दी जा रही है। भारत की सीमाओं पर ग्रेटर बांग्लादेश क नक्शा बनाकर चुनौती दी जा रही है और हिन्दुओं के खिलाफ साजिश रची जा रही है। कार्यवाही नहीं हुई तो ऐसे में प्रवीण तोगड़िया व अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व बजरंग दल पूरे देश में बांग्लादेश के खिलाफ आंदोलन करेगा। बांग्लादेश के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाये। इस मौके पर विभागाध्यक्ष कोमल पाण्डेय, जिलाध्यक्ष विष्णु मिश्रा, कार्तिकेय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## एनके एकेडमी विद्यालय प्रागंण में सांइस एक्सपो का हुआ उद्घाटन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** एनके एकेडमी विद्यालय प्रागंण में सांइस एक्सपों 2026 एंव एनुअल डे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक एवं मदन मोहन चतुर्वेदी व समाजसेवी डॉ0 विकास शर्मा, डॉ0 प्रवीन रस्तोगी, आदेश अग्निहोत्री, शरद अग्रवाल, सुधाकर दुबे, रामकुमार अग्रवाल, विद्यालम के प्रबंधक अनुपम चन्द्र अग्रवाल, मधु अग्रवाल, निर्णायिका के रूप में सोनल रस्तोगी एवं प्रोफेसर कुलदीय आर्य एवं आशीष गंगवार मौजूद रहे। अतिथिओं ने फीता काटकर सांइस एक्सपों का उद्घाटन किया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किये। आकर्षक फूड स्टाल पर सभी अतिथियों एवं अभिभावकगणों द्वारा आनंद लिया गया। अतिथियों एवं अभिभावकगणों द्वारा सांइस प्रर्दशनी का अवलोकन किया गया। प्रिसिंपल शिवानी प्रसाद एवं मोहित दुबे मौजूद रहे।

# अपर जिला जज ने किया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कैंप कार्यालय का उद्घाटन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत में अपर जिला जज/सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कैंप कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीणों को न्यायालय की सुविधा गांव में देने की बात कही। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसीदपुर में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थ विभाग समाधान के सहज और विश्वासपूर्ण प्रक्रिया के तहत कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया। जहां से ग्रामीणों को बताया कि अब न्यायालय की सुविधा गांव में ही मिलेंगी। एक प्रयास न्यायालय से बाहर समाधान का जन जागरूकता विशेष मध्यस्थ तथा अभियान के तहत अपर जिला जज/सचिव संजय कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि मध्यस्थता द्वारा समाधान योग्य मामले जिसमें वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस के मामले, वाणिज्य विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, सामान्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, रेन्ट वसूली के मामले, संपत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले व अन्य उपयुक्त दीवानी के समस्त मामले ग्राम स्तर पर निस्तारण किए जाएंगे। इसके लिए बताया कि एक तहसील में 5 ग्राम पंचायत नामित की जाएंगीं। जिसमें एक मध्यस्थ बनाया जाएगा और उसका कार्यालय ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। जिसके लिए पंचायत सहायक में रसीदपुर के अमित कुमार को नामित किया गया। जिनको 30 दिसंबर को जिला न्यायालय पर ट्रेनिंग दी जाएगी। ऐसी ही कई महत्वपूर्ण जानकारियां अपर जिला जज/सचिव ने ग्रामीणों को दीं। इस मौके पर अभिनीतम उपाध्याय विशेष न्यायाधीश नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मतदाता अभियान, नीरज कुमार जनपद न्यायाधीश मौजूद रहे। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता ग्राम भटासा निवासी जवाहर सिंह गंगवार व पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन फर्रुखाबाद के द्वारा भी ग्रामीणों को कई अहम जानकारियां दी गईं। इसके अलावा डीपीआरओ राजेश चौरसिया, बीडीओ कृष्णपाल सिंह, ग्राम सचिव अरविंद कुमार, सुधीर कुमार एडवोकेट, ग्राम प्रधान भटासा गोपाल गंगवार, ग्राम प्रधान सुमित्रा प्रसाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ज्योना, ग्राम प्रधान सलेमपुर दूंदेमई तथा तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।


कैंप कार्यालय का उद्घाटन करते अपर जिला जज

## चीनी मिल के जीएम को दी गई विदाई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** दि किसान सहकारी चीनी मिल में निवर्तमान जीएम शादाब असलम विदाई समारोह आयोजित किया गया। वहीं नए महाप्रबंधक रमेश कुमार के स्वागत को लेकर भी मिल परिसर उत्साह से भरा नजर आया। विदाई समारोह के भाजपा नेता डॉ0 विकास शर्मा ने निवर्तमान जीएम शादाब असलम के कार्यकाल की सराहना की।

उन्होंने कहा कि शादाब असलम ने अपने कार्यकाल में मिल के संचालन को बेहतर दिशा दी और कर्मचारियों के साथ सकारात्मक तालमेल बनाए रखा। इस मौके पर नवागंतुक जीएम रमेश कुमार का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

# नगर पालिकाध्यक्ष ने चार गलियों का किया लोकार्पण

▸ स्थानीय लोगों की सुनी समस्यायें, किया निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका अध्यक्ष ने अंगूरी बाग, गढ़ी मुजीब, बंधुआ में चार गलियों का लोकार्पण किया। नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने नगर की चार गलियों का लोकार्पण किया और जन समस्याओं से रुबरु होते हुए सफाई व्यवस्था व प्रकाश व्यवस्था का तुरन्त निस्तारण करने का निर्देश दिया। लोकार्पण के दौरान चेयरमैन वत्सला अग्रवाल से स्थानीय लोगों ने सफाई व्यवस्था की शिकायत की। वहीं पर अन्य लोगों ने भी प्रकाश व्यवस्था को लेकर बात कही।


लोकार्पण के दौरान चेयरमैन का स्वागत करती महिलायें

चेयरमैन ने फोन पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या का तुरन्त निस्तारण करें। लोकार्पण के दौरान चेयरमैन वत्सला अग्रवाल का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। स्थानीय सभासद के अलावा ठेकेदार आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सहायक अभियंता रतन कुशवाहा, मृदुल वर्मा, सभासद लईक अहमद, नन्हे पंडित, दिलीप गुप्ता, शिवम गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

समृद्धि न्यूज़ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
गुरुवार , 25 दिसंबर, 2025

# क्रिसमस एवं नव वर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनायें

प्रस्तुति-लक्ष्मीकान्त भारद्वाज

फर्रुखाबाद-परिशिष्ट



















































